


संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी




पूर्णिया , बुधवार 1 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 191




नवरात्र के महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की पूजा अर्चना श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ की। शहर के तमाम प्रमुख मंदिरों और पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ी, श्रद्धालुओं ने देवी के दर्शन कर सुख, समृद्धि और मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगा। महाअष्टमी के दिन विशेष पूजा और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें देवी की आराधना की गयी,भक्तों ने कन्या पूजन और फूल-मिष्ठान का समर्पण कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। नवरात्र के दसवें दिन,नवमी तिथि पर माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना और कन्या पूजन का विशेष आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु मां से शक्ति और कल्याण की कामना करेंगे।

# प्रधानमंत्री पहुंचे सीआर पार्क, काली बाड़ी में की पूजा अर्चना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दिल्ली के मिनी बंगाल कहे जाने वाले चितरंजन (सीआर पार्क) के दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने काली बाड़ी में पूर्जा अर्चना की और आरती में शामिल हुए। महाअष्टमी के दिन उन्होंने बंगाल की पूजा पद्धति के अनुरूप मां दुर्गा की आरती और उन्हें पुष्पांजलि भी अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी साथ में रहीं। प्रधानमंत्री मोदी की भागीदारी को सांस्कृतिक एकजुटता और परंपराओं के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। सीआर पार्क में दुर्गा पूजा का



इतिहास बहुत पुराना है। सीआर पार्क दुर्गा पूजा, दिल्ली-एनसीआर की सबसे प्रमुख पूजा में से एक है। यहां हर साल भव्य पंडाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होते हैं। यहां पीढ़ियों से बसे बंगाली परिवारों ने अपनी परंपरा को संजोया है। दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में लोग खासकर बंगाल के रहने वाले लोग इस पर्व को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं। इन पंडालों में चार दिनों तक कवियों की कविताओं लोकनृत्य और लोकसंगीत का आयोजन किया जाता है। 1970 के दशक में बने काली मंदिर परिसर को बंगाली समुदाय का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र माना जाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गाजा संघर्ष पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति पहल का स्वागत किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गाजा संघर्ष को समाप्त करने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति पहल का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना फिलिस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ बड़े पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। मोदी ने आशा व्यक्त की कि सभी संबंधित पक्ष संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के समर्थन में एक साथ आएंगे। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, "हम राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह फिलिस्तीनी और इजराइली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने और शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।"

## सरकार ने पीपीएफ समेत लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

**नई दिल्ली,** (हि.स)।

--------------

**पीपीएफ 7.1%, एनएससी 7.7%, सुकन्या समृद्धि योजना 8.2% पर रहेंगी।**

--------------

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (1 अक्टूबर से 31 दिसंबर) के लिए पीपीएफ, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), सुकन्या समृद्धि योजना, मासिक आय योजना, किसान विकास पत्र और अन्य लघु बचत योजनाओं की ब्याज



दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पीपीएफ और तीन साल की सावधि जमा पर 7.1%, एनएससी पर 7.7%, सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2%, मासिक आय योजना पर 7.4% और किसान विकास पत्र पर 7.5% की ब्याज दर रहेगी। यह लगातार सातवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरें यथावत रखी गई हैं।

## एडीबी का अनुमान- वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली,** (हि.स)। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एडीबी ने कहा कि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में बेहतर घरेलू खपत और सरकारी व्यय के कारण 7.8 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव से वृद्धि दर धीमी हो सकती है।

**निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव :** रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका द्वारा भारतीय माल पर 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने से निर्यात पर असर पड़ेगा। यह




विशेष रूप से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 2026-27 में विकास दर को प्रभावित कर सकता है। शुद्ध निर्यात अप्रैल के अनुमान से अधिक तेजी से घटने की संभावना है, जिससे आर्थिक वृद्धि की गति धीमी होगी।

**राजकोषीय घाटे में बढ़ोतरी का खतरा :** एडीबी ने यह भी कहा कि कर राजस्व में कमी के कारण राजकोषीय घाटा, बजट अनुमान 4.4 फीसदी से अधिक

**01: पहली तिमाही में 7.8% की मजबूत वृद्धि रही, लेकिन अमेरिकी टैरिफ से निर्यात घट सकता है।**

--------------

**02: अमेरिकी शुल्क के कारण शुद्ध निर्यात में तेज गिरावट और दूसरी छमाही में विकास दर धीमी होने की संभावना।**

--------------

**03: कर राजस्व में कमी के चलते राजकोषीय घाटा बजट अनुमान 4.4% से अधिक रह सकता है।**

रह सकता है। इससे वित्तीय स्थिरता पर दबाव बढ़ने की आशंका है और सरकार के व्यय एवं विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

## करूर भगदड़ मामले में टीवीके का एक और कार्यकर्ता गिरफ्तार

**करूर,** (हि.स.)। अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की सभा में भगदड़ के मामले में 41 लोगों की मौत के सिलसिले में पुलिस ने अब दो और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पहले जिला सचिव मथियाझगन को गिरफ्तार किया गया था, अब करूर नगर प्रभारी पौनराज को गिरफ्तार किया गया है। पौनराज ने सभा में प्रचार के लिए ध्वज-स्तंभ और तख्तियों की व्यवस्था की थी। साथ ही पार्टी के महासचिव बुस्सी आनंद की भी तलाश जारी है। पुलिस ने पदाधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 105, 110, 125 और 223 के तहत आरोप लगाए हैं। इसके अलावा तमिलनाडु सार्वजनिक



संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1992 की धारा तीन के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। विजय ने 13 सितंबर से पीपुल्स मीटिंग अभियान शुरू किया था। 27 सितंबर को उन्होंने नमक्कल और करूर में प्रचार किया। करूर में 30,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए थे, तभी भगदड़ मची। हादसे में 18 महिलाएं, 13 पुरुष, 5 लड़के और 5 लड़कियां मारे गए, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए। घटना ने तमिलनाडु में भारी चिंता और आलोचना पैदा की।

## युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी को धमकी देने के मामले में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई

(हि.स.)। भारतीय युवा कांग्रेस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने के मामले में दिल्ली के तुगलक रोड थाने में ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। यूथ कांग्रेस के लीगल डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय चेयरमैन रूपेश भदौरिया ने कहा कि वे अपनी टीम के साथ थाने गए थे, लेकिन पुलिस ने लिखित शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त, विशेष आयुक्त और एसीपी तुगलक रोड को ऑनलाइन शिकायत भेजी। भदौरिया ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है, तो वे सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनडीबीएसए) में भी शिकायत की गई, क्योंकि धमकी का बयान टीवी चैनलों पर प्रसारित हुआ था। भदौरिया ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन युवा कांग्रेस न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा अगस्त तक बजट अनुमान के 38 फीसदी पर

**नई दिल्ली,** (हि.स)। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 38.1 फीसदी यानी 5,98,153 करोड़ रुपये रहा। वित्त मंत्रालय के सीजीए आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-अगस्त के दौरान कुल प्राप्तियां 12,82,709 करोड़ रुपये (36.7%) और कुल व्यय 18,80,862 करोड़ रुपये (37.1%) रही। पिछले वर्ष इसी अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 27 फीसदी था। अगस्त तक राज्य सरकारों को केंद्रीय करों में




हिस्सेदारी के रूप में 5.3 लाख करोड़ रुपये अंतरित किए गए, जो पिछले वर्ष से 74,431 करोड़ अधिक है। कुल व्यय में 14.49 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते और 4.31 लाख करोड़ रुपये पूंजी खाते में खर्च हुए। प्रमुख मदों में ब्याज भुगतान 5,28,668 करोड़ और सब्सिडी 1,50,377 करोड़ रुपये रही।

## चीन को टक्कर देने के लिए अमेरिका-फ्रांस ने मिलकर बढ़ाए जासूसी उपग्रह अभियान

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका और फ्रांस जल्द ही अपने सहयोगी जासूसी उपग्रह मिशन का दूसरा चरण शुरू करने वाले हैं। यह कदम चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य उपस्थिति के बीच वैश्विक स्पेस रेस को देखते हुए रणनीतिक रूप से अहम है। अमेरिकी स्पेस कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल डगलस शीश के अनुसार, यह अमेरिका का किसी सहयोगी देश के साथ तीसरा संयुक्त मिशन होगा। पहले फ्रांस और हाल ही में ब्रिटेन के साथ कक्षा में संयुक्त ऑपरेशन किए गए थे। पहला अमेरिका-फ्रांस



मिशन "रेंडेवस और प्रॉक्सिमिटी ऑपरेशन" था, जबकि अमेरिका-यूके मिशन में SKYNET 5A की कक्षा की स्थिति की पुष्टि हुई। फ्रांस यूरोप में सबसे अधिक अंतरिक्ष खर्च करने वाला देश है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि सैन्य और व्यावसायिक उपग्रह नेटवर्क भी निशाने पर हो सकते हैं। भविष्य में अन्य सहयोगी देशों को भी शामिल किया जा सकता है।

## मां दिउड़ी मंदिर में 200 साल से जारी है बलि की परंपरा, धौनी आते हैं यहां बार—बार

**रांची,** (हि.स.) रांची के तमाड़ प्रखंड स्थित प्राचीन मां दिवड़ी मंदिर नवरात्र में श्रद्धालुओं का विशेष केंद्र बन जाता है। करीब 200 वर्षों से यहां पारंपरिक बलि की प्रथा चली आ रही है, जिसमें महानवमी के दिन सैकड़ों बकरे-भैंसों की बलि दी जाती है। भक्त मानते हैं कि इससे मां दुर्गा उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। मंदिर में सोलह भुजाओं वाली शेरावाली मां विराजमान हैं, जिनके हाथों में शंख, चक्र, त्रिशूल, गदा, तीर, पुष्प और महिषासुर का सिर है। मुख्य पुजारी पंडित मनोज पांडा और पंडित



नरसिंह पांडा बताते हैं कि यह मंदिर असुर सभ्यता का अनुपम उदाहरण है और इसका निर्माण 10वीं शताब्दी में हुआ था। पूजा अद्वितीय रूप से ब्राह्मण और गांव के पाहन मिलकर करते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, प्राचीन काल में यहां गाय अपने आप दूध अर्पित करती थी। नवरात्र के दिनों में मंदिर जयकारों और मंत्रोच्चारण से गूंज उठता है, और भक्त माँ के दरबार में अपनी श्रद्धा और मन्नत लेकर मत्था टेकते हैं।

## महिला वनडे विश्व कप : दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत की जीत, श्रीलंका को 59 रनों से हराया

**गुवाहाटी,** (हि.स.)बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 271 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद दीप्ति शर्मा (87) और अमनजोत कौर (57) की सातवें विकेट के लिए 103 रनों की मजबूत साझेदारी ने टीम को संभाला। हरलीन देओल (48) और प्रतिका रावल (37) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**श्रीलंका की पारी संघर्ष में**



**फंसी :** श्रीलंका को डीएलएस नियम के तहत 271 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। कप्तान चमारी अट्टापट्टू (43), निलाक्षी दि सिल्वा (35) और हर्षिता समाराविक्रमा (29) ही संघर्ष कर सकीं।

**दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद दोनों से मचाई धूम :** भारत की जीत में दीप्ति शर्मा की भूमिका निर्णायक रही। उन्होंने 3 विकेट लिए और महत्वपूर्ण रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। स्नेह राणा और श्री चरणी ने 2-2 विकेट हासिल किए।

## जीएसटी घोटाले के आ रोपित अमित गुप्ता की 15.41 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की जब्त

**रांची,** (हि.स.) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 734 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले की जांच के दौरान 15.41 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इससे पहले इस मामले में 5.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी थी। जब्त संपत्तियां कोलकाता में स्थित हैं और घोटाले के मास्टर माइंड के करीबी अमित गुप्ता के नाम हैं।

**अभियुक्तों पर लगे गंभीर आरोप :** ईडी ने आठ मई 2025 को जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी कर शिवकुमार




देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को गिरफ्तार किया था। जांच में पाया गया कि आरोपितों ने 135 शेल कंपनियां बनाई और बिना सामग्री के फर्जी जीएसटी बिल बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया।

**कमीशन के रूप में हुई अवैध कमाई :** अभियुक्तों ने फर्जी जीएसटी बिल के बदले पांच प्रतिशत कमीशन लिया। इसके परिणामस्वरूप केवल कमीशन के रूप में 67 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। ईडी की जांच अब भी जारी है।

## पत्रकार राजीव प्रताप की मृत्यु पर राहुल गांधी ने जताया दुख, निष्पक्ष जांच की मांग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड के पत्रकार राजीव प्रताप की मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि इस घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि राजीव प्रताप का लापता होना और बाद में मृत मिलना दुखद है। सच को सामने लाने के लिए काम करने वाले पत्रकारों को सुरक्षित माहौल मिलना जरूरी है। उन्होंने इस मामले की गहन जांच की मांग करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। गांधी ने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं और उन्हें न्याय मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजीव प्रताप दिल्ली-उत्तराखंड लाइव यूट्यूब चैनल चलाते थे। वह 18 सितंबर को लापता हो गए थे। 19 सितंबर को उनकी कार नदी में मिली और 28 सितंबर को उनका शव उत्तरकाशी के जोशीवारा बैराज से बरामद हुआ। पुलिस ने इसे दुर्घटना मानते हुए जांच शुरू की है।

# पटना में दुर्गोत्सव की धूम, पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**पटना,** (हि.स.)। राजधानी पटना में दुर्गापूजा के अवसर पर भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख पंडालों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं और कलात्मक सजावट ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। दिन-रात भक्तों की भीड़ पंडालों में उमड़ रही है और पूरे शहर में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक गतिविधियों का समन्वय देखने को मिल रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान**
कई पूजा समितियों ने इस वर्ष पंडाल निर्माण में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। पूरे पंडाल में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया है और बांस, कपड़े और प्राकृतिक सामग्री से सजावट की गई है। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देती है, बल्कि भक्तों के लिए एक सुरक्षित और सुंदर अनुभव भी सुनिश्चित करती है।

**पंडालों की भव्य सजावट**
पटना में इस वर्ष पूजा समितियों ने विशेष थीम पर आधारित पंडाल तैयार किए हैं। डाक बंगला चौराहा, पटना सिटी, कंकड़बाग, राजेन्द्रनगर, बोरिंग रोड, कदमकुआं, अगमकुआं, पटेल नगर, आशियाना नगर और दीघा जैसे प्रमुख इलाकों के पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। इन पंडालों को विभिन्न मंदिरों की तर्ज पर सजाया गया है और नक्काशी, रंग-बिरंगी रोशनियों व कलात्मक डिजाइन से ये सभी पंडाल आकर्षण का केंद्र बने हैं।

**मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं**
हर पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। इन प्रतिमाओं की शिल्पकला और रंगों का अद्भुत समन्वय भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। प्रतिमाओं की भव्यता और कलात्मक विवरण शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।

**सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंध**
भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रमुख पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई इलाकों में बैरिकेडिंग और वन-वे रूट लागू किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित हो सके।

**सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र** : पटना के दुर्गापूजा पंडाल केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी बन गए हैं। जगह-जगह भक्ति गीत, नृत्य और रामलीला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शाम होते ही पंडालों में रोशनी की जगमगाहट और शंख-घंटियों की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना देती है।

**श्रद्धालुओं की भागीदारी**
पटना के निवासी और आसपास के जिलों से आए श्रद्धालु पंडालों की सैर कर आनंदित हो रहे हैं। कई लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ अलग-अलग इलाकों में जाकर पंडालों की खूबसूरती और भक्ति का अनुभव ले रहे हैं। इस प्रकार पटना शहर इन दिनों पूरी तरह भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख-शांति के लिए पटना सीटी के शक्तिपिठों पर की पूजा-अर्चना



**पटना,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज महाअष्टमी दिन पटनासिटी के विभिन्न शक्ति पीठों और मारूफगंज की बड़ी देवी जी के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने माता के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की और उनके चरणों में झुककर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री सबसे पहले अगमकुआं के शीतला मंदिर, बड़ी पटनदेवी मंदिर, छोटी पटनदेवी मंदिर और मारूफगंज की बड़ी देवी जी के दर्शन के लिए गए। इस अवसर पर उन्होंने बिहार में सुख-समृद्धि और विकास की कामना भी की।
मंदिर कमिटी की ओर से मुख्यमंत्री को माता का चुंदरी और प्रसाद भेंट किया गया। इस पूजा-अर्चना से न केवल धार्मिक माहौल सजीव हुआ, बल्कि मुख्यमंत्री की इस सांस्कृतिक भागीदारी ने स्थानीय लोगों में उत्साह और आस्था भी बढ़ाई।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'विकास पुरुष' पुस्तक का लोकार्पण किया



**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना के ठाकुरबाड़ी परिसर में वरिष्ठ पत्रकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक 'विकास पुरुष' का भव्य लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक उनके राजनीतिक जीवन और बिहार के विकास यात्रा का सजीव दस्तावेज है। पुस्तक में नीतीश कुमार के शासन में पारदर्शिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को समेटा गया है। बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणबीर नंदन ने इसे नव निर्माण की यात्रा बताया। समारोह में पत्रकार, बुद्धिजीवी और जदयू नेता भी मौजूद थे।

## नवादा-पावापुरी और बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी

### परियोजना जैन सर्किट और नवादा–नालंदा–राजगीर क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी

**पटना,** (हि.स.)

**01: बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड 117 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का निर्माण 3606.42 करोड़ की लागत से तत्काल शुरू किया जाएगा।**

-----------------




बिहार में रेल नेटवर्क को मजबूती देने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवादा और पावापुरी को जोड़ने वाली 25.10 किलोमीटर लंबी नई रेल परियोजना को मंजूरी दी है। इस पर लगभग ₹492.14 करोड़ की लागत आएगी। पावापुरी जैन तीर्थ स्थल है और इस नई रेल लाइन से श्रद्धालुओं के लिए यात्रा आसान होगी। सड़क यातायात पर दबाव कम होगा और पारसनाथ तथा जल मंदिर की यात्रा भी सुगम होगी।

**धार्मिक और पर्यटन लाभ** नवादा-पावापुरी रेल लाइन जैन सर्किट के धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगी। राजगीर और बिहार शरीफ से बेहतर जुड़ाव होने से यात्रा का समय कम होगा। परियोजना से नवादा क्षेत्र को नालंदा और प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा। कादिरगंज के रेशमी उद्योग और भागलपुर के व्यापारिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

**शिक्षा और रोजगार के अवसर** इस नई रेल लाइन से नालंदा विश्वविद्यालय और बोधगया तक पहुँचना आसान होगा। निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। परियोजना के पूरा होने पर व्यापार और उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। यह पहल क्षेत्रीय विकास और प्रस्तावित 2000 मेगावाट परमाणु ऊर्जा संयंत्र को भी गति देगी।

**बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड रेल परियोजना** :पटना, अरवल, जहानाबाद और औरंगाबाद जिलों के लोगों के लिए बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई रेल लाइन का निर्माण तत्काल शुरू होगा। 117 किलोमीटर लंबी इस लाइन से पटना से अरवल और औरंगाबाद के बीच सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। कुल लागत ₹3606.42 करोड़ है। परियोजना पूरा होने पर सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ-साथ डीडीयू-पटना-झाझा और डीडीयू-गया-कोडरमा ग्रैंड कॉर्ड लाइन के मध्य वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा।

## बिहार के कैमूर जिले में मां मुडेश्वरी मंदिर में दी जाती है रक्त विहिन बली



**पटना,** (हि.स.) बिहार के कैमूर जिले में स्थित माता मुंडेश्वरी मंदिर अपने अनोखे रीति-रिवाज और प्राचीन इतिहास के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। यह अष्टकोणीय मंदिर है, जिसमें महा मंडलेश्वर शिव परिवार विराजमान हैं। माता मुंडेश्वरी मंदिर की सबसे खास बात यहां की रक्त विहीन बलि की प्रथा है।

कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत पावरा पहाड़ी पर स्थित माता मुंडेश्वरी मंदिर देश का एक अनोखा और प्राचीन मंदिर है। यहां की खास बात रक्त विहीन बलि प्रथा है। यहां मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु बकरे को मंदिर लाते हैं। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बकरे को माता के चरणों में लेटाया जाता है, जिससे वह मूर्छित हो जाता है। मंदिर के पुजारी द्वारा चावल और फूल के अक्षत छिड़कने पर बकरा फिर से जीवित हो जाता है। इसके बाद श्रद्धालु बकरे को अपने घर ले जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि यह प्रथा भारत में कहीं और नहीं देखी जाती है ।

शारदीय और चैत्र नवरात्र में माता मुंडेश्वरी मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी मुन्ना द्विवेदी के अनुसार, सालों भर यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन नवरात्र में यह संख्या और बढ़ जाती है। मंदिर की महिमा और यहां की अनोखी प्रथा श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। लोग यहां मन्नत मांगने और उसे पूरा होने पर धन्यवाद देने आते हैं।

इस मंदिर को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित किया गया है। यह मंदिर अपनी प्राचीन अष्टकोणीय वास्तुकला, देवी मुंडेश्वरी की भव्य मूर्ति और रंग बदलने वाले पंचमुखी शिवलिंग के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के पूर्वी हिस्से में देवी मुंडेश्वरी की एक भव्य और जीवंत पत्थर की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के बीच में एक पंचमुखी शिवलिंग है, जिसका रंग सूर्य की स्थिति के साथ बदलता रहता है।

वर्ष 1812 ईश्वी से लेकर 1904 ईश्वी के बीच ब्रिटिश यात्री आरएन मार्टिन, फ्रांसिस बुकानन और ब्लाक ने इस मंदिर का भ्रमण किया था। पुरातत्वविदों के अनुसार यहां से प्राप्त शिलालेख 389 ई के बीच का है जो इसकी पुरानता को दर्शाता है ।

मुण्डेश्वरी भवानी मंदिर की नक्काशी और मूर्तियां उत्तर गुप्तकालीन हैं I यह पत्थर से बना हुआ अष्टकोणीय मंदिर है I इस मंदिर के पूर्वी खंड में स्थापित देवी मुण्डेश्वरी की भव्य व प्राचीन मूर्ति मुख्य आकर्षण का केंद्र है I मां वाराही रूप में विराजमान है, जिनका वाहन महिष है I मंदिर में प्रवेश के चार द्वार हैं, जिसमे एक को बंद कर दिया गया है और एक अर्ध्द्वार है I इस मंदिर के मध्य भाग में पंचमुखी शिवलिंग स्थापित है । जिस पत्थर से यह पंचमुखी शिवलिंग निर्मित किया गया है, उसमे सूर्य की स्थिति के साथ साथ पत्थर का रंग भी बदलता रहता है ।

मुख्य मंदिर के पश्चिम में पूर्वाभिमुख विशाल नंदी की मूर्ति है, जो आज भी अक्षुण्ण है I यहां पशु बलि में बकरा तो चढ़ाया जाता है,परंतु उसका वध नहीं किया जाता है। बलि की यह सात्विक परंपरा पुरे भारतवर्ष में अन्यत्र कहीं नहीं है। यह मंदिर देवी दुर्गा का एक रूप, मुंडेश्वरी देवी को समर्पित है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार चंड-मुंड के संहार के लिए जब देवी उद्यत हुई थीं, तब चंड के विनाश के बाद मुंड युद्ध करते हुए इसी पहाड़ी में छिप गया था और यहीं पर माता ने उसका वध किया था। अतएव यह मुंडेश्वरी माता के नाम से स्थानीय लोगों में प्रसिद्ध है।

## तेजस्वी का महिलाओं से आह्वान: बनें दुर्गा, संहार करें भ्रष्टाचार और बेरोजगारी



**पटना,** (हि.स.) नेता प्रतिपक्ष और RJD के अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने नवरात्र के पावन अवसर पर बिहार की महिलाओं से आह्वान किया है कि वे माता दुर्गा का स्वरूप बनकर भ्रष्टाचार, अपराध, महंगाई, पलायन और बेरोजगारी का संहार करें। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों की थकी-हारी सरकार को हटाने का समय आ गया है और बिहार को नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए ताजगी और जोश से भरी सरकार चाहिए, न कि थके हुए मुख्यमंत्री। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि 10 लाख नौकरियों के वादे पर उनका निर्लज्ज बयान आज बिहार के लोगों के सामने है। जबकि RJD मात्र 17 महीनों में पांच लाख नौकरियां दे चुकी है, नीतीश कुमार अब रोजगार का ढोंग कर रहे हैं। राजद का दावा है कि बिहार में नौकरी और रोजगार केवल तेजस्वी यादव ही दे सकते हैं, और इसके लिए राज्य में तेजस्वी सरकार बनना आवश्यक है।

## पटना जू में बढ़ा मनोरंजन और सुविधाओं का आयाम,हर वर्ष यहां आते हैं 23 लाख से अधिक पर्यटक




**पटना,** (हि.स.) राजधानी पटना का संजय गांधी जैविक उद्यान अब केवल चिड़ियाघर ही नहीं, बल्कि परिवारों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और मनोरंजक पिकनिक स्पॉट बन गया है। यहां हर साल 23 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सुंदरता का संगम इसे पर्यटकों के लिए और खास बना रहा है।

**पर्यावरण और सौंदर्य का अनोखा संगम** : जू में प्रवेश करते ही रंग-बिरंगे फूलों से सजे गेट, पक्षियों की चहचहाहट और हरियाली आगंतुकों का स्वागत करती है। परिसर की ताजगी और मनमोहक वातावरण पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करता है। हाल ही में उद्यान की स्वच्छता और सजावट पर खास ध्यान दिया गया है।


**महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं** : महिलाओं की सुविधा को देखते हुए यहां चाइल्ड केयर यूनिट और सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाई गई हैं। इससे यह स्थल महिला मित्रवत बन गया है। बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क, आधुनिक खेल उपकरण और आकर्षक नौका विहार की व्यवस्था की गई है।

**जल उद्यान और मनोरंजन गतिविधियां** : नए रूप में तैयार किया गया जल उद्यान यहां आने वालों के लिए मुख्य आकर्षण है। कृत्रिम झरना प्राकृतिक झरने का अहसास कराता है। बोटिंग और बच्चों के खेल स्थल पूरे परिवार को मनोरंजन का पूरा अनुभव देते हैं।

**पर्यटकों से फीडबैक की सुविधा** :चिड़ियाघर प्रशासन का कहना है कि यहां केवल जीव-जंतुओं का प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि पर्यटकों को बेहतर अनुभव और प्राकृतिक माहौल देना उद्देश्य है। इसी वजह से स्वच्छता, सजावट और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। आगंतुकों से सुझाव लेने के लिए फीडबैक फार्म की भी व्यवस्था की गई है।

## Bihar Voter List 2025: अपना नाम फाइनल वोटर लिस्ट में ऐसे चेक करें

**पटना,** (हि.स.) बिहार में लंबे समय से प्रतीक्षित फाइनल वोटर लिस्ट 2025 को चुनाव आयोग ने 30 सितंबर को जारी कर दिया है। इस लिस्ट में राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं का विवरण शामिल है। इसे डिजिटल रूप में देखने के साथ-साथ पीडीएफ में डाउनलोड करना भी संभव है।




**ऑनलाइन नाम जांच की प्रक्रिया** : मतदाता अपना नाम ऑनलाइन चेक करने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट या वोटर्स सर्विस पोर्टल/एप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए "ड्राफ्ट रोल" विकल्प चुनें, राज्य का चयन करें, अपना EPIC नंबर डालें, कैप्चा भरें और सब्मिट करें। सही विवरण होने पर आपका नाम ड्राफ्ट रोल में दिखाई देगा।

**राजनीतिक दलों और कार्यालयों को जानकारी** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की भौतिक प्रतियां भी हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध करवा दी हैं। इससे राजनीतिक दल भी अपनी रणनीति के लिए मतदाता सूची की समीक्षा कर सकते हैं।

**बिहार** SIR **रोल 2025** बिहार एसआईआर रोल 2025 की पूरी सूची भी अपलोड की गई है। इसमें विधानसभा स्तर पर सभी मतदाताओं का विवरण उपलब्ध है। इससे मतदाता और राजनीतिक दल दोनों ही आसानी से अपनी जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं।

**जिला और बूथ स्तर पर विवरण** : मुख्य निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी वोटर सूची उपलब्ध है। यहाँ मतदाता अपने जिला, विधानसभा क्षेत्र और बूथ का चयन कर सकते हैं। कैप्चा कोड डालकर पीडीएफ डाउनलोड करने पर प्रत्येक बूथ का विस्तृत विवरण प्राप्त होता है।

# आस्था : पूर्णिया में नवरात्र की अष्टमी-नवमी पर्व पर मुख्यालय से लेकर गांव तक दिखा श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम





**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी पर जिला मुख्यालय से लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडो में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माँ महागौरी की पूजा-अर्चना बड़े उत्साह और भक्ति भाव से की गयी ।इस अवसर पर शहर और जिले के प्रमुख मंदिरों, पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां श्रद्धांलूओं ने मां दुर्गा के आशीर्वाद के लिए दीप प्रज्वलित किए और विशेष पूजा-अर्चना की।

**अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा-अर्चना**

मंगलवार को नवरात्र के अष्टमी पर्व के अवसर पर पूर्णिया शहर के विभिन्न पूजा स्थलों में मां महागौरी की विधिवत पूजा की गई। पंडालों में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मां महागौरी की उपासना की और उनके चढ़ावे में फूल, फल और श्रृंगार सामग्री अर्पित किए। पूर्णिया सिटी स्थित पूरनदेवी मंदिर और सिटी काली मंदिर के साथ साथ शहर प्रमुख पंडालों में लोग सुबह से ही जमा होकर नवरात्र के अष्टमी पर पूजा अर्चना की और पर्व का आनंद ,मेला भ्रमण कर लिया

**धर्म और उत्साह का दिखा मिश्रित रंग**

पूजा कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय समाजसेवियों और मंदिर समितियों ने सजावट, भंडारे और व्यवस्था का जिम्मा संभाला। अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन और उन्हें भेंट सामग्री देने की परंपरा के तहत भी कई पंडालों में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

**नवमी पर मां महागौरी की उपासना**

महा अष्टमी के अवसर पर पूर्णिया जिले के मंदिरों में मां महागौरी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में दीप प्रज्वलित किए और उनके सामर्थ्य एवं कल्याण की कामना की।

आज नवमी तिथि पर माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के उपरांत विशेष हवन, मंत्रोच्चार और आरती का आयोजन किया जाएगा ।

**शहर से लेकर गाव तक दिखा उत्साह**

शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी दशहरा पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है ,कई पूजा पंडालों मे समितियों द्वारा भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जिससे लोग भक्ति भाव से भाग ले सके।

**कन्या पूजन की विशेष तैयारी**

नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है ,आज जिलेभर के लोग इस परंपरा का पालन करते हुए कन्या पिजन का आयोजन करेंगे ।

**सुरक्षा और व्यवस्थापन**

पूर्णिया पुलिस प्रशासन ने अष्टमी और नवमी के अवसर पर सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया। प्रमुख पंडालों और मंदिरों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया और भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और ट्रैफिक व्यवस्थाएं की गईं। पुलिस अधीक्षक ने खुद पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा, पार्किंग और आपातकालीन सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की।

## ध्यानार्थ : शहर के मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध, किया गया है रूट परिवर्तन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---------------

पूर्णिया पुलिस ने दुर्गा पूजा- के अवसर पर नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक निर्देश जारी किया है। )दो दिनों तक यानि नवमी और विजयादशमी / प्रतिमा विसर्जन ) तक नगर में पूजा और दशहरा मेला को लेकर भारी भीड़ और यातायात का दबाव कों ध्यान में रखते हुए पूर्णिया पुलिस और यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख मार्गो को नो-एंट्री जोन घोषित किया है !



**प्रतिबंधित मार्ग एवं निर्देश :इन मार्गो पर नहीं चलेंगे भरी वाहन**

लाइन बाजार, सनोली चौक, भट्ठा बाजार, कटिहार मोड़, बेलौड़ी चौक, आर०एन० साह चौक, गिरिजा चौक, मधुबनी बाजार, जनता चौक, रामबाग, पॉलिटेक्निक चौक और रजनी चौक आदि में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित।

01: कसबा से पूर्णिया आने वाली सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश निषिद्ध।

-----------------------

0 2:जुलूस के दौरान केवल निर्धारित मार्गो पर चलेंगे वाहन, यहाँ रहेगा प्रतिबन्ध

--------------------

पॉलिटैक्निक चौक, चित्रवाणी मोड़, नेवालाल चौक और रजनी चौक से जुड़े कई मार्गों पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

-----------------------

**वैकल्पिक मार्ग और बाईपास की व्यवस्था**

पूर्णिया पुलिस ने यात्रियों और शहर में प्रवेश-निकासी करने वाले वाहनों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रावधान किया है:

-----------------------

1 अररिया, किशनगंज और सिलीगुड़ी की ओर आने-जाने वाले वाहन जीरोमाइल से मरंगा बाईपास मार्ग का प्रयोग करेंगे।

-----------------------

3 कटिहार, कुर्सेला और नवगछिया की ओर जाने वाले वाहन भी मरंगा बाईपास का उपयोग करेंगे।

-----------------------

3 बनभाग क्षेत्र से आने-जाने वाले वाहन नई बाईपास सड़क से शहर में प्रवेश और निकासी करेंगे।

-----------------------

3 आस्था मंदिर से आर०एन० साह चौक जाने वाली सड़क पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू रहेगी।

**अस्थायी पार्किंग एवं सुरक्षा उपाय**

▪ शहर में श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए अस्थायी पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं:

-----------------------

3 जिला स्कूल का मैदान, बीएसआरटीसी बस डिपो, रंगभूमि का मैदान, डीएसए का मैदान और खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज के नीचे।

-----------------------

3 दोपहिया एवं ई-रिक्शा पार्किंग हेतु नगर निगम द्वारा चिन्हित स्थानों का उपयोग होगा।

-----------------------

**पुलिस की सार्वजनिक अपील :**

-----------------------

» बिना कारण भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन लेकर प्रवेश न करें।

-----------------------

» अवैध पार्किंग, नशे में ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग और स्टंटिंग से बचें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-----------------------

» किसी भी असुविधा की स्थिति में यातायात पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9031827767 एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात 9031827778 पर संपर्क करें।

## नवरात्रि में भक्ति और जनसंपर्क का उत्सव : भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने किया दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

--------------

नवरात्रि के पावन अवसर पर भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने शहर व आसपास के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा की विधिवत आराधना की। इस दौरान उन्होंने पूर्णिया सहित प्रदेश और देशवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की।




श्रीमती गुप्ता ने पूजा समितियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी समितियां श्रद्धा और उत्साह के साथ परंपरागत रूप से पूजा का आयोजन कर रही हैं। इसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भक्ति और उत्सव का जीवंत माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भव्य पंडाल और आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं को मनमोहक अनुभव देती है और माता के दर्शन के लिए बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

भाजपा जिलामंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व आस्था, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह पर्व समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर नई ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करें और समाज के विकास तथा एकता में सहयोग करें।

श्रीमती गुप्ता ने कहा कि मां दुर्गा पूरे जगत का कल्याण करती हैं, और उनके पूजन से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि देवी दुर्गा इतनी शक्तिशाली हैं कि उनके सामने कुछ पल खड़े होने मात्र से सारे भय मिट जाते हैं और बुराइयों से लड़ने की शक्ति मिलती है। उनका स्मरण मात्र समस्याओं का समाधान कर देता है और जीवन में सफलता, सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त करता है।

उन्होंने पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि पूरे हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में सपरिवार माता दुर्गा का पूजन करें और मेले का आनंद उठाएं। भाजपा जिलामंत्री ने नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की कि देवी दुर्गा का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे।

## पूर्णिया पुलिस की कार्रवाई : तीन स्मैक तस्कर गिरफ्तार गुप्त सूचना पर छापेमारी, 3.36 ग्राम स्मैक बरामद

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---------------

के0 हाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को छापेमारी कर नशीले पदार्थों के धंधे में संलिप्त तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से 3.36 ग्राम स्मैक, दो मोबाइल फोन और 500 रुपये नकद जब्त किए।




गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हाउसिंग कॉलोनी, वार्ड नंबर-14, थाना के0 हाट निवासी मो. इकबाल अंसारी (36 वर्ष, पिता मो. जलील अंसारी), सिकंदर अंसारी (24 वर्ष, पिता जमाल अंसारी) और मो. अकबर अंसारी उर्फ बादशाह (23 वर्ष, पिता मो. इदरीश अंसारी) के रूप में हुई है।

**नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस**

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और स्मैक तस्करी में इनके नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



**जगदम्बा घर में दियरा बार अइनी हो --जग पारण घर में दियरा ---**

# जगदम्बा के दरबार में भक्ति और दीपों की महिमा, महिलाओं की उमड़ी भारी भीड़

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**



बनमनखी रेलवे दुर्गा मंदिर में दुर्गापूजा के अष्टमी पर्व पर भक्ति और समर्पण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महिलाओं की भारी भीड़ मां शेरोंवाली के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित करने उमड़ी और जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। रेलवे दुर्गा मंदिर जनकल्याण सेवा संस्थान और अभिवप सेवा शिविर द्वारा पूजा स्थल पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

स्थानीय विधायक अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेश प्रीतम, रेलवे आई.ओ. डब्ल्यू. प्रकाश चंद्र, आरपीएफ इंस्पेक्टर विजय शंकर, जी.आर.पी. प्रभारी कुँवर सिंह यादव और स्टेशन मास्टर मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया।

## श्रद्धालुओं की सेवा एव सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था



जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई। वहीं, अभिवप सेवा संस्थान खोया-पाया, सुरक्षा और अन्य आवश्यक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। पूजा स्थल पर दीप जलाने का यह क्रम न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि जगदम्बा के दरबार में महिलाओं के समर्पण और श्रद्धा का जीवंत प्रदर्शन भी है। हर दीप मानो मां के दरबार में समर्पित विश्वास और शक्ति का संदेश दे रहा था।













# विधायक विजय खेमका ने पूर्णिया में तीन सड़कों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 12 और 4 में 42 लाख की विधायक निधि से होगा सड़क निर्माण**




पूर्णिया विधानसभा अंतर्गत नगर निगम के वार्ड संख्या 12 और 4 में विधायक विजय खेमका ने आज तीन सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में शहर के सुभाष नगर में दार्जिलिंग मुख्य सड़क से दिलीप सिंह के घर तक, संजय सिन्हा के घर से पप्पू जायसवाल के घर तक तथा कोसी बिहार कॉलोनी में राजीव झा के घर से भाया बाबा भोला स्थान सड़क तक का पक्का निर्माण कार्य विधायक निधि से लगभग 42 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।

इस मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भोला कुशवाहा, मनोज सिंह, ईलाका सिंह, राजेश चौरसिया, श्रवण मंडल, गोपाल सिन्हा, सोनू सिंह, बिनोद सिन्हा, राजीव राय, सुजित सिन्हा सहित बूथ अध्यक्ष और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विधायक ने सभी के साथ फल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।

**विकास का संकल्प**

विधायक विजय खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में पूर्णिया का विकास बेमिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पूर्णिया को विकसित पूर्णिया बनाने का उनका संकल्प है। विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि शहर के विकास कार्यों को निरंतर गति दी जाएगी और जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

**दुर्गा पूजा की शुभकामनाएँ,**

महाअष्टमी के अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि सभी सनातनी बहनों और भाइयों के घरों में जगत जननी मां दुर्गा की पूजा हो रही है और चारों ओर वेद मंत्रों की गूंज से वातावरण पवित्र और आध्यात्मिक बन गया है। विधायक ने यह भी बताया कि भक्तजनों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन हर दुर्गा पूजा पंडाल में मुस्तेद है। विधायक ने दुर्गाबाड़ी दुर्गामंदिर में माता के महाअष्टमी स्वरूप का दर्शन और पूजा-अर्चना कर सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना महाशक्ति स्वरूपा मां भगवती से की।













# धमदाहा सड़क दुर्घटना में मौत मामले पर राजद नेता निरंजन कुशवाहा ने बोला हमला

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**



धमदाहा थाना क्षेत्र के सखुआ टोला में सोमवार को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। शराब से लदी कार की चपेट में आने से दो मेधावी छात्राओं की मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल है। घटना के अगले ही दिन मंगलवार को राजद नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निरंजन कुशवाहा पीड़ित परिवारों से मिलने गांव पहुंचे।

परिजनों से मुलाकात कर कुशवाहा ने घटना को "दिल दहला देने वाली त्रासदी" करार दिया। उन्होंने कहा— "दोनों बच्चियां गांव की शान थीं, उनकी आंखों में सपनों की दुनिया बस रही थी। लेकिन नीतीश कुमार की फर्जी शराबबंदी नीति ने उनकी जिंदगी छीन ली।"

राजद नेता ने सरकार और प्रशासन पर करारा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि शराबबंदी कानून केवल गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों को परेशान करने का औजार बनकर रह गया है, उन्होंने ससवालिया लहजे में कहा कि शराब माफिया आखिर किसकी सरपरस्ती में खुलेआम कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में शराब माफियाओं का आतंक है !

श्री कुशवाहा ने मृतक छात्राओं के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा एवं एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार इस पर जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो राजद सड़क से सदन तक आंदोलन छेड़ेगी।

# पूर्णिया में महापौर और कांग्रेस नेता ने सभी दुर्गा पंडालों का किया निरीक्षण, बांटी प्रसाद और दी शुभकामनाएं

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**





महापौर विभा कुमारी एवं कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों और पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लायंस क्लब, सिपाही टोला, मधुबनी दुर्गा मंदिर, मधुबनी कॉलोनी, माता चौक, बिजली कॉलोनी, कोर्ट स्टेशन दुर्गा मंदिर, डोनर चौक, खजांची हाट बंगालीपाड़ा, बाड़ीहाट, डीएसए ग्राउंड, ठाकुरबाड़ी, रजनी चौक, माधोपाड़ा, भट्ठा दुर्गा बाड़ी, वार्ड 10 शिवनगर, प्रभात पाठागार खुश्कीबाग, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर खुश्कीबाग, गुलाबबाग, सराय दुर्गा मंदिर और मरंगा दुर्गा मंदिर सहित अन्य प्रमुख स्थलों का दौरा किया।

महापौर और कांग्रेस नेता ने खुश्कीबाग हाट स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी का प्रसाद वितरित किया और माता भगवती की पूजा-अर्चना कर नगर, जिला एवं प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले का उद्घाटन**

महापौर विभा कुमारी ने वार्ड 17 कोरठबाड़ी शीतला माता मंदिर में बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। वहीं, मरंगा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में भक्ति जागरण और मेले का उद्घाटन फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके किया। पूजा समिति के सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर उनका स्वागत किया। मौके पर महापौर ने मंदिर समिति के सदस्यों और कई बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया तथा नगरवासियों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

**स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान**

महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा पूजा पंडालों की दिन-रात सफाई की जा रही है। पंडालों में फॉगिंग और ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया है और जरूरत के अनुसार दो से चार डस्टबिन लगाए गए हैं। दशमी पूजा तक सफाई कर्मियों की तैनाती पंडालों में की गई है, जो आसपास 200 मीटर तक रास्तों की सफाई सुनिश्चित करेंगे।

विभा कुमारी ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने जीवन में स्वच्छता और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें।

**जितेंद्र यादव ने दी दशहरा की शुभकामनाएं**

कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने मरंगा मेले में उपस्थित लोगों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा सत्य और सदाचार की जीत का संदेश देती है। मेले हमारे समाज और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं और सामाजिक सद्भावना सिखाते हैं।

# माँ तारा तंत्रपीठ सुखसेना में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन

**न्यूज स्केल बड़हरा कोठी**
----------------

पूर्णिया जिले के बड़हरा कोठी प्रखंड के सुखसेना गांव स्थित माँ तारा तंत्रपीठ में तंत्रपीठ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह धूमधाम से पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु, सहयोगी , जनप्रतिनिधि और पूजा समिति के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का भव्य उद्घाटन इस भव्य रजत जयंती समारोह की शुरुआत तंत्रपीठ के पीठाध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा उर्फ कुन्नू झा ने की। उन्होंने इस अवसर पर पधारे सहयोगियों (दाताओं) , श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों का स्वागत अंगवस्त्र और फूल माला पहनाकर किया।

**दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ**

इसके बाद समारोह का विधिवत शुभारंभ ललन कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार झा, शारदानंद मिश्र, सुखसेना पंचायत की मुखिया सरिता देवी, तंत्रपीठ के अध्यक्ष कृष्णचंद्र झा, सचिव अनिल झा, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र झा, और राहुल रौशन उर्फ नवाब द्वारा दीप प्रज्ज्वलित और फीता काटकर किया गया।

**पीठाध्यक्ष कृष्णचंद्र झा ने किया आभार व्यक्त**

पीठाध्यक्ष कृष्णचंद्र झा ने समारोह में उपस्थित सभी दाताओं और श्रद्धालुओं का तंत्रपीठ स्थापना एवं विकास में सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए निरंतर सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सुखसेना गांव के लिए यह गर्व की बात है कि हमें माँ तारा से तंत्रपीठ स्थापना की प्रेरणा मिली। पीठाध्यक्ष ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं को तंत्रपीठ के विकास में अपने योगदान के लिए धन्यवाद दिया।





**दाताओं और मुखिया की शुभकामनाएँ**

प्रमुख दाता ललन कुमार चौधरी ने 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों और शुभकारियों को साधुवाद और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने निरंतर सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि गांव और समाजसेवियों पर गर्व है। मुखिया सरिता देवी ने रजत जयंती के अवसर पर प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि गांव के धार्मिक स्थल के सौंदर्यीकरण और इसे धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास जारी रहेंगे इस दौरान समारोह को अनिल कुमार झा, शारदानंद मिश्र, अनिल झा, राहुल रौशन उर्फ नवाब सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया।

**माँ तारा तंत्रपीठ का संक्षिप्त इतिहास**

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में रामपुरहाट शहर और द्वारका नदी के पास स्थित माँ तारा सिद्धपीठ 13वीं शताब्दी का तांत्रिक मंदिर है। सुखसेना गांव में तंत्रपीठ स्थापना की परिकल्पना सन 2000 में कृष्णचंद्र झा उर्फ कुन्नू झा, शिवेंद्र झा, हेमचंद्र झा उर्फ बउवा, अनिल झा, विश्वमोहन झा, पप्पू मिश्र, सोनी बाबा उर्फ लालबाबा, दमन जी, प्रमोद मिश्र और अन्य ने की।

**मंदिर की स्थापना एक नजर में**

संकल्प के बाद सन 2001 में श्रद्धालुओं द्वारा सुखसेना दुर्गा मंदिर के पास जमीन दान कर एक फूस का घर बनाकर कलश स्थापित किया गया और पूजा-अनुष्ठान शुरू हुआ। इसके बाद से महाष्टमी के रात्रि विशेष पूजा, हवन और मंत्रसिद्धि अनुष्ठान नियमित रूप से आयोजित होते रहे।

समय के साथ, पंडित नारायण मिश्र, ललन कुमार चौधरी, राजीव कुमार झा उर्फ बॉबी झा, प्रशांत कुमार झा उर्फ बंटी झा और अन्य ग्रामीणों के सहयोग से तंत्रपीठ का भव्य मंदिर निर्माण हुआ और इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैल गई। इस तरह माँ तारा तंत्रपीठ सुखसेना ने 25 वर्षों के अपने पवित्र इतिहास को रजत जयंती समारोह के माध्यम से सम्मानित किया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और सामुदायिक सहयोग की मिसाल देखने को मिली।

## नवरात्र अष्टमी पर नूतन गुप्ता ने माँ महागौरी की पूजा कर पूर्णिया की समृद्धि की कामना की

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मंगलवार को नवरात्र के अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा विधिपूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने श्रद्धा और आस्था के साथ मां महागौरी की पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा पूर्णिया के समृद्धि और विकास की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ महागौरी शांति, समृद्धि और सुख-शांति का प्रतीक हैं और उनके आशीर्वाद से सभी सामाजिक और आर्थिक प्रयास सफल होते हैं।



पूजा के दौरान दीप प्रज्वलन, मंत्रोच्चारण और हवन का विशेष आयोजन किया गया। भक्तजन मनोकामनाओं की पूर्ति और अपने परिवारों की भलाई के लिए माँ महागौरी के सामने विशेष प्रार्थना करते नजर आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि नवरात्र के अष्टमी दिवस पर खोइच्छा भरना अत्यंत शुभ माना जाता है और इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूरे मन और भक्ति भाव के साथ माता दुर्गा के नौ रूपों की महिमा का अनुभव किया और प्रदेश एवं जिले के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सड़क हादसे में दो छात्राओं की मौत की सूचना पर धमदाहा पहुँचे सांसद पप्पू यादव , पीड़ित परिवारों से मिले

**न्यूज स्केल धमदाहा**

~~धमदाहा थाना क्षेत्र के~~ सखुआ टोला में सोमवार को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। शराब से लदी कार की चपेट में आने से दो मेधावी छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे की सूचना के बाद मंगलवार को सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद पप्पू यादव ने इस घटना को दिल दहला देने वाली घटना बताते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "दोनों बच्चियां गांव की शान थीं, पढ़ाई-लिखाई में होनहार थीं और उनकी आंखों में परिवार व समाज के लिए सपने थे। लेकिन नीतीश कुमार की फर्जी शराबबंदी नीति ने उनकी जिंदगी छीन ली।" उन्होंने आरोप लगाया कि शराबबंदी कानून केवल गरीब, दलित, महादलित, आदिवासी और मध्यमवर्गीय परिवारों को परेशान करने का साधन बन गया है।



वहीं, प्रशासन और शराब माफियाओं की मिलीभगत से नशे का कारोबार दिन-दहाड़े फल-फूल रहा है। यादव ने कहा कि पूरे बिहार में शराब माफियाओं का आतंक फैला हुआ है, मौके पर सांसद ने पीड़ित परिवारों के लिये आर्थिक सहायता की मांग करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार प्रत्येक परिवार को 25-25 लाख रुपये नकद मुआवजा और परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे। सांसद ने चेतावनी देते हुए यादव ने कहा कि यदि सरकार इस दिशा में जल्द कदम नहीं उठाती है, तो सड़क से सदन तक आंदोलन छेड़ा जाएगा। गौरतलब है कि सोमवार की सुबह तीन छात्र-छात्राएं मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान शराब से लदी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में 19 वर्षीय राजनंदनी कुमारी और उसकी सहेली की मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

## दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित स्व.बलदेव साह मेमोरियल टूर्नामेंट में फुटबॉल का दिखा रोमांच, उमड़ा जनसैलाब

**न्यूज स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के गोआ सी पंचायत भवन स्थित माता दुर्गा स्थान पूजा समिति परिसर इन दिनों फुटबॉल प्रेमियों का गढ़ बना हुआ है। स्व. बलदेव साह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता देखने दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। टूर्नामेंट का शुभारंभ स्व. बलदेव साह मेमोरियल फुटबॉल क्लब की शताब्दी तिथि पर आयोजित विशेष समारोह में केक काटकर किया गया। इस आयोजन के संचालक, स्व. बलदेव साह के सुपुत्र एवं फुटबॉलर सतीश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन होता है ताकि युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़े और समाज व राज्य का नाम रोशन हो।



**मैचों का शेड्यूल और उत्साह**

25 सितंबर को चर कठिया बनाम मीरगंज के बीच पहला मैच खेला गया। 26 सितंबर को प्रधान टोला और विद्या विहार की टीमों ने आमने-सामने मुकाबला किया। 27 सितंबर को कोला बनाम बक्शा घाट का मैच खेला गया। वहीं 29 सितंबर को गोआ सी और बरकोना टीमों के बीच अंतिम मुकाबला होना तय है।

**आयोजन समिति की सक्रियता**

टूर्नामेंट के दौरान अनाउंसर की भूमिका पूर्णेन्दु सिंह माधव ने निभाई। वहीं आयोजन में सहयोगी अशोक कुमार पासवान, दुर्गा पूजा समिति के पूर्व मुखिया मनोहर सिंह, संजय अकेला, रमेश सिंह, नीतीश पासवान, सूरज पासवान, उदय सिंह, बमबम कुमार, मुकेश कुमार, यशवंत कुमार, राधे पंडित सहित गोआ सी पंचायत के ग्रामीणों की सक्रियता और सहयोग उल्लेखनीय रहा।

**खेल भावना और सामाजिक एकजुटता**

यह प्रतियोगिता सिर्फ खेल नहीं बल्कि सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। फुटबॉल के रोमांच के बीच युवाओं में उत्साह और गांव के लोगों की भागीदारी इस आयोजन को विशेष बनाती है।

## दुर्गा पूजा के अवसर पर महापौर ने किया को स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन, रोशनी से जगमग हुआ इलाका

**न्यूज स्केल पूर्णिया**
-------------------

शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा के मौके पर पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र को रोशन करने की दिशा में मंगलवार को महापौर विभा कुमारी ने मां पूरण देवी मंदिर से कालीबाड़ी चौक तक तथा पॉलिटेक्निक चौक से रजनी चौक होते हुए लाइन बाजार तक स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन स्विच ऑन कर किया।



महापौर ने इस अवसर पर कहा कि स्ट्रीट मास्ट लाइट न केवल शहर की खूबसूरती बढ़ाती है, बल्कि आज यह लोगों की आवश्यकता भी बन चुकी है। दुर्गा पूजा के दौरान जिन मार्गों पर भक्तों की आवाजाही अधिक रहती है, वहां इन लाइटों की खास जरूरत थी। अब भक्तों को रात्रि में आवागमन में आसानी होगी और त्योहार का उत्सव और भी सुखद बनेगा। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों का पारदर्शिता के साथ विकास करना उनका संकल्प रहा है। काफी हद तक इसमें सफलता मिली है और जहां कमी है, वहां जल्द ही उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम को अपने परिवार की तरह बताते हुए कहा कि शहर को विकसित नगरों की श्रेणी में लाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी है।

महापौर विभा कुमारी ने जानकारी दी कि दूसरे चरण में पूरण देवी मंदिर से चिमनी बाजार तक तथा पूर्णिया सिटी कालीबाड़ी से फारबिसगंज मोड़ तक स्ट्रीट तिरंगा लाइट का उद्घाटन भी जल्द ही किया जाएगा।

## सुरक्षा : अग्निशमन सेवा कर्मी ने विभिन्न पंडालों का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल बनमनखी**
------------------

बदुर्गा पूजा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बनमनखी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का अग्निशमन सेवा कर्मियों ने निरीक्षण किया। इस मौके पर अग्निशमन सेवा पदाधिकारी सुरी चौहान ने बताया कि क्षेत्र के सभी प्रमुख पंडालों में सुरक्षा मानकों की जांच की गई है और आयोजकों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**श्रद्धालुओं और दुकानदारों से अपील**

अग्निशमन पदाधिकारी ने श्रद्धालुओं, दुकानदारों तथा माता-बहनों से अपील की कि वे सुरक्षा को सर्वोपरि मानें। पंडालों के आसपास अनावश्यक रूप से दीप प्रज्ज्वलित करने से बचें और दुकानों में गैस सिलेंडर का प्रयोग करते समय पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि जरा-सी लापरवाही भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है, इसलिए सभी को सतर्क रहना जरूरी है।



**जागरूकता और फायर ब्रिगेड की तैनाती**

उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा को देखते हुए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जगह-जगह लोगों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है ताकि हादसों से बचा जा सके। साथ ही अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की तैनाती की गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

**आपातकालीन नंबर जारी**

अग्निशमन विभाग की ओर से बताया गया कि यदि कहीं भी आगजनी की घटना घटित होती है तो तत्काल 7485805860 नंबर पर संपर्क करें। समय पर सूचना मिलने से नुकसान को कम किया जा सकता है।

## डगरूआ थाना पुलिस ने विदेशी शराब के साथ एक को दबोचा

**न्यूज स्केल डगरुआ**
-------------------

डगरुआ थाना पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 124.20 लीटर विदेशी शराब बरामद की और मौके से पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध मे डगरुआ थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन की सूचना पर छापेमारी की गई, जिसमें सुरेन मंडल (उम्र 40 वर्ष), पिता फुदाई मंडल, निवासी – बनेली वार्ड नंबर 14, थाना डगरूआ, जिला पूर्णिया को गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने मौके से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया है । गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है। और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह शराब की खेप कहां से लाया और कहां सप्लाई करने की इसकी योजना थी। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है तथा शराब के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।



# जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 : कों लेकर बैठक आयोजित

## बैठक में शामिल सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष, डीएम ने किया निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मंगलवार 30 सितम्बर को विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के क्रम में निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया अंशुल कुमार, की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार, पूर्णिया में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान दिनांक-01.08.2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची एवं दिनांक-30.09.2025 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक सूची पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। उनके द्वारा अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची में अंकित विवरणी के संबंध में निम्नवत जानकारी दी गयी!





**डीएम ने किया उपस्थित प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा निर्वाचक सूची को त्रुटिहीन, पारदर्शी एवं स्वच्छ बनाने में आवश्यक सहयोग हेतु सभी राजनैतिक दलों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची की विधान सभावार प्रति (हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी पेन ड्राइव सहित) सभी राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया गया। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष, मिथिलेश कुमार दास, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष, राजेश रंजन, जनता दल (यूनाईटेड) के जिलाअध्यक्ष प्रकाश सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला महासचिव, नीरज कुमार, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विकाश झा, राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के प्रतिनिधि, बद्री मेहता, राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रतिनिधि वैद्यनाथ सिंह, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एम०एल०, लिबरेशन) के प्रतिनिधि मो० इस्लामुद्दीन, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एम०) के प्रतिनिधि, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि, अखिलेश कुमार एवं अन्य प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

| Name of AC | Before SIR (24.06.2025) | | | | Draft Roll (01.08.2025) | | | | As on Date (30.09.2025) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Male | Female | TG | Total | Male | Female | TG | Total | Male | Female | TG | Total |
| 56-Amour | 173783 | 161960 | 11 | 335754 | 155531 | 133265 | 10 | 288806 | 167359 | 142607 | 10 | 309976 |
| 57-Baisi | 154010 | 142386 | 5 | 296401 | 143464 | 126377 | 4 | 269845 | 152254 | 132905 | 4 | 285163 |
| 58-Kasba | 156722 | 145411 | 15 | 302148 | 140816 | 125670 | 15 | 266501 | 150627 | 135024 | 14 | 285665 |
| 59-Banmankhi (SC) | 168566 | 159463 | 8 | 328037 | 152295 | 139099 | 7 | 291401 | 156599 | 143108 | 7 | 299714 |
| 60-Rupauli | 166110 | 156446 | 17 | 322573 | 150494 | 136721 | 15 | 287230 | 155514 | 140671 | 14 | 296199 |
| 61-Dhamdaha | 177104 | 167550 | 11 | 344665 | 157291 | 144433 | 11 | 301735 | 162940 | 149817 | 13 | 312770 |
| 62-Purnia | 175847 | 162995 | 11 | 338853 | 151273 | 137710 | 10 | 288993 | 150696 | 137382 | 8 | 288086 |
| Total | 1172142 | 1096211 | 78 | 2268431 | 1051164 | 943275 | 72 | 1994511 | 1095989 | 981514 | 70 | 2077573 |

**निर्वाचक सूची का विवरण**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा सभी उस्थित राजनितिक पार्टी के प्रतिनिधियों को यह जानकारी दी गयी कि दिनांक-25.06.2025 से 30.09.2025 तक प्राप्त आवेदन के आधार पर कुल 104584 निर्वाचकों का नाम निर्वाचक सूची में जोड़ा गया है! 26033 निर्वाचकों का नाम निर्वाचक सूची से विलोपित किया गया तथा 27628 निर्वाचकों के विवरणी में संशोधन किया गया, जिसकी विवरणी निम्नवत है :-

| | |
|---|---|
| Total Population (Projected 2025) | • 37,40,969 |
| Total Electors (30.09.2025) | • 2077573 |
| Male | • 1095989 |
| Female | • 981514 |
| Third Gender | • 70 |
| 85+ Electors (30.09.2025) | • 8791 |
| PwD Voters (30.09.2025) | • 19685 |
| Service Electors (30.09.2025) | • 1096 |
| Young Electors(18-19 Age) | • 35214 |
| Gender Ratio (as per census, 2011) | • 921 |
| Gender Ratio as per Electoral Roll) | • 896 |
| EP Ratio (30.09.2025) | • 0.55 |

**डिस्पैच सेंटर एवं मतगणना केन्द्र के संबंध में दी गयी जानकारी** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर पूर्णिया जिला अन्तर्गत चिन्हित डिस्पैच सेंटर एवं मतगणना केन्द्र के संबंध में निम्नवत जानकारी दी गयी

| क्र0 | डिस्पैच सेंटर/मतगणना केन्द्र स्थल का नाम | संबद्ध विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम |
|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया कॉलेज, पूर्णिया | 56-अमौर,<br>59-बनमनखी (अ0जा0),<br>60-रूपौली<br>61-धमदाहा विधान सभा |
| 2 | बी0एस0ई0बी0 रिजनल ऑफिस, पूर्णिया (जिला स्कूल, पूर्णिया कैम्पस) | 57-बायसी,<br>58-कसबा<br>62-पूर्णिया विधान सभा |

**सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अनुरोध** : बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अनुरोध किया गया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची का गहन अध्ययन किया जाय। यदि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है तो उनसे अविलम्ब प्रपत्र-6 में आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जाय। साथ ही जिस मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा बी0एल0ए0-2 की नियुक्ति नहीं की गयी है वे अविलंब बी0एल0ए0-2 की नियुक्ति करते हुए उसकी प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्णिया को उपलब्ध करायी जाय।

# बिहार के अररिया जिले में कुल 19 लाख 66 हजार 807 मतदाता

**न्यूज स्केल अररिया**

जिला अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को परमान सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन से संबंधित जानकारी साझा करना और राजनीतिक दलों को इसकी प्रतियां उपलब्ध कराना रहा।



**निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन** : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 1 जुलाई 2025 की अर्हता तिथि को आधार मानकर विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत जिले की अंतिम निर्वाचक सूची का प्रकाशन किया गया। अररिया जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों की अद्यतन मतदाता संख्या में नरपतगंज में 3,34,584, रानीगंज में 3,39,988, फारबिसगंज में 3,57,856, अररिया में 3,30,067, जोकीहाट में 3,02,334 और सिकटी में 3,01,978 मतदाता शामिल हैं। कुल मिलाकर जिले में 19,66,807 मतदाता हैं।

**राजनीतिक दलों की सहभागिता** : बैठक की शुरुआत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुई। उन्हें जिले में संपन्न विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों और अंतिम निर्वाचक सूची के आंकड़ों से अवगत कराया गया। सभी दलों से आग्रह किया गया कि वे निर्वाचक सूची के प्रति आमजनता को जागरूक करने में सहयोग करें।

**दावा-आपत्ति प्रक्रिया की जानकारी** : बैठक में बताया गया कि 1 अगस्त 2025 को प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन किया गया था। इसके बाद 1 अगस्त से 1 सितम्बर तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने की अवधि तय की गई थी। प्राप्त प्रपत्रों की सुनवाई और निष्पादन के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन 30 सितम्बर को किया गया।

**दलों को सूची की निःशुल्क प्रतियां** : निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक सूची की निःशुल्क प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने दलों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के लिए इस सूची का सही उपयोग सुनिश्चित करें।

**बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि और अधिकारी** : बैठक में वरीय प्रभारी निर्वाचन अजय कुमार ठाकुर, अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा, उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. राम बाबू कुमार सहित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, कांग्रेस के आबिद हुसैन, राजद के मो. कमाले हक, भाजपा के नीरज झा, जदयू के सुनील चंद्रवंशी, सीपीआईएम के रामविनय राय, रालोसपा के अंकित सिन्हा, सीपीआईएमएल के रामविलास यादव और बसपा के गोसुल आजम सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# पूर्व सांसद ने पूजा पंडाल पहुंचकर किया पूजा-अर्चना, लोगों को दी बधाई



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा मंगलवार को शहर के विभिन्न पूजा-पंडालों में पहुंचकर मा दुर्गा की पूजा अर्चना किया और जिलेवासियों के लिए सुख, शांति, सौहार्द और समृद्धि की कामना किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा की बधाई दिया इस क्रम में श्री कुशवाहा अपने सहयोगियों के साथ रामबाग, लाइन बाजार, बाड़ी हाट, रजनी चौक, गोकुल सिंह ठाकुरवाड़ी, भट्टा दुर्गाबाड़ी, लायंस क्लब आदि पहुंचकर पूजा-अर्चना किया।पूजा कमिटी के सदस्यों ने श्री कुशवाहा को अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया। कुशवाहा ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है।मा दुर्गा में संहार और सृजन दोनों की शक्ति है।आप सदकर्म और सदपथ पर चलते हैं तो आपका विजय तय है और अगर गलत मार्ग का अनुशरण करते हैं तो संहार तय है।उन्होंने सबों से सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि यही हमारी साझी विरासत है, जिसे अक्षुण्ण रखना है।इस मौके पर संजय राय, प्रखण्ड प्रमुख रितेश आनन्द, सुशांत कुशवाहा, अविनाश कुशवाहा, राजू मण्डल, कन्हैया कुमार चंदन मजूमदार आदि उपस्थित थे।

# भागलपुर में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, कुल 22.18 लाख निर्वाचक

**भागलपुर,** भागलपुर के समीक्षा भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों को मतदाता सूची हस्तगत की गई।अंतिम प्रकाशित निर्वाचक सूची के अनुसार भागलपुर जिले में पुरूष निर्वाचक 11,43,917, महिला निर्वाचक 10,74,488 और अन्य 87 हैं, जिससे कुल संख्या 22,18,492 हो गई है।यह अंतिम प्रकाशन विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत किया गया, जिसमें अर्हता तिथि 01 जुलाई 2025 को आधार बनाया गया। मतदाता सूची अब सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और जिला निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य विनिर्दिष्ट स्थलों पर अवलोकन के लिए उपलब्ध है। बैठक में सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती श्वेता कुमारी, जदयू भागलपुर के जिला अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, जदयू नवगछिया के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, राजद के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, सीपीआईएम के सचिव दशरथ प्रसाद, बीएसपी के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार दास, भाजपा नवगछिया के जिला अध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद उपस्थित थे।



# सौ ग्राम स्मैक के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार, जेल

**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज के भागकोहलिया नहर के समीप गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी एवं स्थानीय पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर एक युवक को स्मैक के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार युवक की पहचान भागकोहलिया वार्ड संख्या 4 निवासी विकास कुमार मंडल पिता सत्यजित मंडल के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि कार्रवाई के दौरान युवक के पास से सौ ग्राम स्मैक एवं एक बाइक संख्या बीआर 38 एएल 0277 बरामद की गई। युवक को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



इस अभियान में बथनाहा एसएसबी 56वीं बटालियन के निरीक्षक रामलाल, स्थानीय थाना के दारोगा आकाश कुमार सहित एसएसबी जवान और पुलिस बल शामिल थे। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक स्मैक कहां से ला रहा था और इसके अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि शीघ्र ही अन्य कारोबारियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दुर्गा पूजा को लेकर बिजली विभाग की विशेष तैयारी,जारी किया गया टॉल फ्री नंबर

**अररिया** (हि.स.)। शारदीय नवरात्र के दौरान पूजा पंडाल,मेला तथा मूर्ति विसर्जन में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति को लेकर फारबिसगंज बिजली विभाग द्वारा टॉल फ्री नंबर 9264440712 तथा 77 63 815513 जारी किया गया है। यह नंबर कंट्रोल रूम में 24 घंटा काम करेगा। वहीं शहर में सुचारू बिजली व किसी अनहोनी से बचाव के लिए मानव बल तथा अन्य कर्मचारियों की विशेष नियुक्ति की गई है। जानकारी देते हुए कार्यपालक विद्युत अभियंता राजेश प्रियदर्शी ने बताया कि पूरे दुर्गा पूजा पंडाल मेला और विसर्जन को लेकर बिजली विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस निमित्त कंट्रोल रूम नंबर फ्यूज कॉल नंबर के साथ सहायक विद्युत अभियंता 7763815263 एवं कनीय अभियंता शहरी 7763814925 पर भी उपभोक्ता किसी प्रकार की दुर्घटना की जानकारी दे सकते हैं इस निमित्त जगह जगह जर्जर तार व पोल को भी दुरुस्त किया गया है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि विद्युत विभाग इस वर्ष बिजली आपूर्ति में सजगता के साथ साथ मुख्यमंत्री मुफ्त बिजली योजना से हुई 125 यूनिट मुफ्त घरेलू उपभोक्ता के जागरूकता के लिए फारबिसगंज के सभी पूजा पंडाल में सेल्फी प्वाइंट लगा कर लोगों को मुफ्त यूनिट की संपूर्ण जानकारी दे रही है, जो कि बिजली विभाग की अनोखी पहल है। इस योजना का उद्देश्य न सिर्फ लोगों को जोड़ना है बल्कि इस लाभ की पूरी जानकारी लोगो तक पहुंचे।



# सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एसएसबी ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 56 वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी डी समवाय कुशमाहा के द्वारा धमदाहा गांव में बाइक सवार एक तस्कर को सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया।एसएसबी ने यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 177 के नजदीक भारतीय परिक्षेत्र में करीबन 6.5 किलोमीटर की दूरी पर की। एसएसबी की गश्ती टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई।एसएसबी ने तस्कर को गिरफ्तार करते हुए ब्राउन शुगर के साथ उसकी बाइक को भी जब्त किया।एसएसबी द्वारा गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ करने के बाद जब्त ब्राउन शुगर ,मोटरसाइकिल और तस्कर को आवश्यक कागजी कार्रवाई उपरांत फारबिसगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**हार्ड और सॉफ्ट कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई।**

**निर्वाचक सूची में नामों का सत्यापन ऑनलाइन और ऑफलाइन संभव।**




आज दिनांक 30.09.2025 को अपराह्न 03:30 बजे श्री सावन कुमार, भा०प्र०से०, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन था।

**किसी भी योग्य निर्वाचक का नाम नहीं हटाया गया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान किसी भी योग्य निर्वाचक का नाम मतदाता सूची से विलोपित नहीं किया गया है। जिन निर्वाचकों ने नाम जोड़ने या अन्य त्रुटियों को लेकर दावा/आपत्ति दर्ज कराई थी, उनका निस्तारण संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन अधिकारी द्वारा किया गया। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी जानकारी दी गई कि आगामी बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 इसी अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर सम्पन्न होगा।

**हार्ड और सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की हार्ड कॉपी और उसकी सॉफ्ट कॉपी सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिवों को उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे अपने दल के मतदान केंद्र अभिकर्ताओं (BLAs) को सूची की एक-एक प्रति संबंधित भाग क्षेत्र के अनुसार उपलब्ध कराएँ।

**सूची में नामों का सत्यापन**

निर्वाचक सूची में अंकित नामों का सत्यापन अपने स्तर पर करने का सुझाव दिया गया। यदि कोई योग्य नागरिक अपनी सूची में नामांकन नहीं पाता है, तो वह voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है या ऑफलाइन आवेदन भी समर्पित कर सकता है। सतत अद्यतीकरण के अंतर्गत उनके नाम को पूरक निर्वाचक सूची में अंकित कर दिया जाएगा।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सत्यापन :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने दल के प्रमुख प्रतिनिधियों के नाम का सत्यापन करें, ताकि आसन्न विधान सभा चुनाव में उम्मीदवारों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इससे सुनिश्चित होगा कि सभी निर्वाचक और प्रत्याशी सही सूची में सम्मिलित हों।



























## बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज सिंह बबलू को जान से मारने की मिली धमकी, सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो, इस मामले को लेकर साइबर थाने में प्राथमिकी हुई दर्ज

**न्यूज़ स्केल छातापुर**



बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री और छातापुर से भाजपा विधायक नीरज कुमार सिंह बबलू को जान से मारने की धमकी मिली है। इस धमकी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में दो युवक खुलेआम मंत्री को चुनौती देते और अपशब्द कहते नजर आ रहे हैं।

वहीं, इस मामले को लेकर मंत्री ने मंगलवार को सहरसा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। मंत्री नीरज बबलू ने बताया कि दो दिन पहले फेसबुक पर दो युवकों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों आरोपी अररिया के रहने वाले हैं।

युवकों ने कहा कि वे क्षेत्र में पब्लिक मूवमेंट करेंगे और मंत्री को गोलियों से भून देंगे. इस धमकी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ









# दीप प्रज्वलित कर किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

**63 बच्चों ने झिझिया, दुर्गा भक्ति और सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से अपनी कला प्रस्तुत की।**

**उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए द परफेक्ट इंग्लिश एकेडमी और कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल को पुरस्कार व शील्ड प्रदान किए गए।**







राघोपुर के सिमराही दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन कोशी रेंज के डीआईजी मनोज कुमार, एसएसबी डीआईजी संजय शर्मा, एसडीओ नीरज कुमार, एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार, समाजसेवी गोविन्द पंसारी, मेला कमिटी के अध्यक्ष ब्रिगेडियर प्रणव जायसवाल और ब्रह्माकुमारी की बबीता दीदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके बाद बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**बच्चों ने प्रस्तुत की आकर्षक सांस्कृतिक झांकियाँ :** कार्यक्रम में द परफेक्ट इंग्लिश एकेडमी, देहली पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल और सरोज पाठशाला समेत अन्य स्कूलों के 63 बच्चों ने झिझिया, दुर्गा माता की भक्ति, सांस्कृतिक झांकियाँ और छठ भजन प्रस्तुत किए। बच्चों की सुमधुर आवाज़ और भक्ति भाव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने कार्यक्रम को और उत्साहपूर्ण बना दिया।

**पुरस्कार वितरण और सुरक्षा व्यवस्था :** उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार द परफेक्ट इंग्लिश एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर और छठ पूजा के बेहतर प्रस्तुति के लिए प्रिंसपल अमित कुमार को शील्ड दिया गया। दूसरे स्थान पर कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के निदेशक सानू जायसवाल को सम्मानित किया गया। सभी उद्घाटन कर्ताओं ने स्कूल के बच्चों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की, ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के उत्सव का आनंद उठा सकें।

## एसएसबी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व दो व्यक्ति की गिरफ्तारी के साथ जब्त किया 99 नग कारतूस और एक कार

**न्यूज़ स्केल सुपौल**



सुपौल में गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमा पर बड़ी कार्रवाई की। 8 एमएम के 99 कारतूस एक बलेनो कार में छिपाकर ले जा रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। 45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा पार से तस्करी रोकने के लिए अधिकारी और जवान पूरी मुस्तैदी के साथ निगरानी कर रहे हैं।

**संदिग्ध सूचना और सर्च ऑपरेशन :** सूचना मिली थी कि भीमनगर–बीरपुर मार्ग से भारी मात्रा में नशीली दवा और हथियार-गोला-बारूद की तस्करी हो सकती है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए बिहार पुलिस के साथ संयुक्त सर्च पार्टी का गठन किया गया। खोंनटाहा पेट्रोल पंप के पास वाहन संख्या (BR11AD6191) को संदेह के आधार पर रोका गया और तलाशी ली गई।

**शराब तस्करी पर भी कार्रवाई**

नरपतपट्टी कंपनी द्वारा रात में नेपाल से लायी जा रही 390 लीटर (1300 बोतल) शराब, दो मोटर साइकिल और एक व्यक्ति को भी जब्त किया गया। इसे भपटियाही थाना को सुपुर्द कर कानूनी कार्रवाई की गई। कमांडेंट गौरव सिंह ने चुनाव से पहले सीमा पर गस्ती और सर्च ऑपरेशन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**बरामदगी और गिरफ्तारी**

तलाशी में कार के डैशबोर्ड में छिपाए गए 99 कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के बाद बीरपुर निवासी दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर थाना भीमनगर को सुपुर्द किया गया। बरामद कार और राउंड्स की जब्ती के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। इस दौरान एसएसबी और बिहार पुलिस के कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## ललमनियां पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर किया गया शुभारम्भ

**न्यूज़ स्केल मरौना**





प्रखंड के ललमनियां पंचायत स्थित वार्ड संख्या 12-13 में नवनिर्मित दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पूरे क्षेत्र का माहौल श्रद्धा और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया।

वर्ष 2018 में स्थापित इस सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में हर वर्ष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और पूजा-पाठ के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में एकता, संस्कार और परंपरा के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाया जाता है।

शुभारम्भ के अवसर पर प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक भी है।

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं और अतिथियों का मन मोह लिया। पूरा परिसर मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति संगीत से गूंज उठा।

इस अवसर पर मेला समिति के सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगा दिए। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों और युवाओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।








# पूर्वी चंपारण जिला में फोटो युक्त निर्वाचक सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन

## जिलाधिकारी ने की मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्वी चंपारण जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष व प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।




**दावा-आपत्ति निपटारे के बाद अंतिम सूची :** जिलाधिकारी ने बताया कि 01 अगस्त 2025 को निर्वाचन सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया गया था। 01 अगस्त से 01 सितम्बर 2025 तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गईं। प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का निष्पादन 25 सितम्बर तक कर दिया गया। इसके उपरांत 29 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई। उन्होंने बताया कि जिले की मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने के लिए आयोग द्वारा तय सभी मानकों का पालन किया गया है।

**जिले में कुल 34.28 लाख मतदाता :** अंतिम प्रकाशन के अनुसार जिले में कुल 34,28,474 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इसमें 47,188 नए नाम जोड़े गए, 7,834 नाम हटाए गए और 17,905 नामों में सुधार किया गया। विधानसभा क्षेत्रवार देखें तो रक्सौल में 4,677 नए नाम जुड़े, सुगौली में 3,059, नरकटिया में 4,138, हरसिद्धि में 3,490, गोविंदगंज में 2,946, केसरिया में 2,857, कल्याणपुर में 4,040, पिपरा में 4,863, मधुबन में 3,516, मोतिहारी में 3,589, चिरैया में 5,079 और ढाका में 4,934 नए मतदाता जोड़े गए हैं। इस प्रकार जिले की कुल संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**राजनीतिक दलों की उपस्थिति और अपील ;** इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, भाकपा (एमएल) और भाकपा (मा.) के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश भी बैठक में शामिल हुए। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मतदाता सूची का गहन अध्ययन करें और आम नागरिकों को जागरूक करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मजबूत और अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव होती है।

**लिंगानुपात और निर्वाचन संतुलन :** जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदाता सूची का औसत लिंगानुपात 876 है। विधानसभा क्षेत्रवार देखें तो हरसिद्धि (899) और गोविंदगंज (897) में सर्वाधिक लिंगानुपात दर्ज किया गया है। वहीं, चिरैया (861) और नरकटिया (866) में यह अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात की यह स्थिति समाज में महिलाओं की सहभागिता और मताधिकार के प्रयोग की दिशा में जागरूकता को दर्शाती है।

**मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ी** जिले में कुल 4,095 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पिछली लोकसभा चुनाव 2024 में यह संख्या 3,496 थी। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों में पिपरा में सबसे अधिक 421 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि कल्याणपुर में सबसे कम 298 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है।

# मोतिहारी में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल के कलाकारो ने किया नाट्य मंचन

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एन.एस.डी.) रंगमंडल अपनी हीरक जयंती समारोह (रंग षष्ठी) के तहत बिहार प्रवास पर है। पटना, पूर्णिया और बेगुसराय में सफल मंचनों के बाद सोमवार को मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में पहली बार नाटक 'माई री मैं का से कहूँ' प्रस्तुत किया गया। इसका उद्घाटन जिला कला-संस्कृति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी और एन.एस.डी. नाट्य प्रबंधक अभिषेक मुदगल ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन शिक्षक आदित्य मानस ने किया। यह नाटक हिंदी लेखक विजयदान देथा की कहानी 'दुविधा' पर आधारित है और इसमें एक स्त्री के अंतर्मन की जटिल दुविधा को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। निर्देशक अजय कुमार ने संगीत का संयोजन भी किया, जिससे नाटक दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ने में सफल रहा। रंगमंडल 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में 'बाबूजी' और 'ताजमहल का टेंडर' नाटक भी प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल की 60वीं वर्षगांठ के हीरक जयंती समारोह का हिस्सा है, जो अगस्त 2024 से 2026 तक चलेगा। इस दौरान मंडली ने भारत के कई प्रमुख शहरों के साथ रूस, सिंगापुर, श्रीलंका और नेपाल में भी सफल प्रदर्शन कर चुकी है।



# गन्ना किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य दिलाने की मांग, भारतीय किसान संघ की बैठक में उठी आवाज

**गोपालगंज,** (हि.स.)। भारतीय किसान संघ की जिला इकाई की बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और गन्ना किसानों की समस्याओं सहित खेती-किसानी की मौजूदा चुनौतियों पर चर्चा की गई। संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि गन्ना किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।



**समय पर आपूर्ति नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी :** नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि गन्ना और अन्य फसलों का मूल्य नहीं बढ़ाया गया तथा समय पर खाद और बीज की आपूर्ति नहीं की गई तो संघ आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का सही मूल्य न मिलने से खेती घाटे का सौदा बन गई है।

**जिला प्रशासन और सरकार से गंभीरता की अपील :** किसान नेताओं ने जिला प्रशासन से किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेती ही किसानों की आजीविका का प्रमुख साधन है और यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो इसका असर जिले की अर्थव्यवस्था पर सीधे पड़ेगा। संघ ने साफ किया कि अब किसान अपनी मूलभूत मांगों को लेकर संगठित संघर्ष के लिए तैयार हैं।

**गन्ना का दाम 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग :** संघ नेताओं ने कहा कि गन्ना किसानों को आज भी उनकी उपज का न्यायसंगत मूल्य नहीं मिल रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई और उत्पादन लागत को देखते हुए गन्ना का दाम कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल तय होना चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र जिला पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को सौंपा जाएगा।

**खरीफ में खाद की किल्लत, रबी में तैयारी जरूरी :** बैठक में किसानों ने खरीफ सीजन में खाद की भारी कमी की समस्या उठाई। नेताओं ने कहा कि इस बार धान की बुआई के समय किसानों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसे में रबी सीजन की तैयारी के दौरान सरकार को गेहूं की बुआई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराना होगा।

# पट खुलते ही पंडालों में उमड़ी आस्था की भीड़

**नालंदा,** (हि.स.)। नवरात्र की तिथि पर जैसे ही मां शेरावाली के पट खोले गए पूरा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक श्रद्धा और भक्ति की लहर में डूब गया है। अहले सुबह से ही मंदिरों और पूजा पंडालों के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें उमड़ पड़ीं। जैसे ही मां की प्रतिमा के प्रथम दर्शन हुए, पूरा वातावरण "जय माता दी" और "जय मां भवानी" के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।

भक्तों ने थालियों में दीप, नारियल, चुनरी और प्रसाद सजाकर देवी को अर्पित किया।मंदिरों में सुबह की आरती का नज़ारा अद्भुत और आत्मिक रहा। ढोल-नगाड़ों और शंख की ध्वनि से वातावरण पवित्र हो उठा। हर ओर भक्ति और विश्वास का ऐसा ज्वार उमड़ा कि मानो मां स्वयं भक्तों के बीच विराजमान हों।

इस बार पूजा पंडालों की सजावट देखते ही बन रही है। कहीं पंडाल को कैलाश पर्वत का रूप दिया गया है, तो कहीं हवा महल की भव्य झलक देखने को मिल रही है। सतरंगी लाइटों और दूधिया रॉलेक्स की जगमगाहट ने शहर की गलियों और चौक-चौराहों को स्वर्गिक आभा से भर दिया है।शाम ढलते ही जब महाआरती का आयोजन हुआ, तब पूरा माहौल दिव्य प्रकाश से आलोकित हो गया। दीपों की लौ, घंटियों की झंकार और भक्तों की आंखों में छलकता विश्वास उस क्षण को अविस्मरणीय बना रहा। एतिहासिक स्थल राज अमावां, अम्बेर, भैंसासुर, पुलपर, स्टेशन रोड, रांची रोड जैसे क्षेत्रों में लोगों का उत्साह चरम पर है। मां के पट खुलते ही पूरे शहर में आस्था, रंग और रोशनी का ऐसा संगम देखने को मिला कि हर गली और हर चौक-चौराहा "जय मां भवानी" के उद्घोष से गूंज उठा। पंडालों की रौनक, भक्तों की भीड़, मेले की चहल-पहल और रोशनी की जगमगाहट ने नवरात्र को एक जीवंत उत्सव बना दिया है।



# हथुआ अनुमंडल में इंटरनेट सेवाएं 3 दिन के लिए बंद, शांति बनाए रखने की अपील

**गोपालगंज,** (हि.स.)। जिला प्रशासन ने हथुआ अनुमंडल क्षेत्र में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद करने का आदेश जारी किया है। डीएम और एसपी की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर गृह विभाग ने यह निर्णय लिया है। प्रशासन का कहना है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक संदेश या आपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित न हो सके।अधिकारियों के अनुसार, हाल के दिनों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइटों का दुरुपयोग कर अफवाह फैलाने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका जताई गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए तीन दिनों तक इंटरनेट बंद रखने का फैसला लिया गया है। इस दौरान फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) सहित सभी सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पूरी तरह से प्रभावित रहेंगे। जिला प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे इस दौरान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है प्रशासन ने साफ किया है कि यह रोक केवल सोशल नेटवर्किंग साइटों और इंटरनेट सेवाओं पर होगी, जबकि जरूरी सेवाओं जैसे बैंकिंग, अस्पताल, रेलवे टिकटिंग आदि कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य होते ही इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। डीएम पावन कुमार सिंहा ने कहा कि आमजन से अपेक्षा है कि वे अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन को सहयोग करें। वहीं एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत,आक्रोशितो ने हॉस्पिटल में की तोड़फोड़

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।

**01: मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि अस्पताल ने पैसे बकाया होने पर ऑक्सीजन और दवा देना बंद किया।**

**02 : आक्रोशित लोग अस्पताल में तोड़फोड़ कर शव सड़क पर रखकर राष्ट्रीय उच्चपथ जाम किया।**

जिले के छतौनी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल युवक बबलू कुमार (22) की इलाज के दौरान मौत हो गई। बबलू रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मजूरहा गांव के रहने वाले थे और ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके साथ हुए हादसे में छह लोग घायल हुए थे।



**अस्पताल में मौत पर लोगों का आक्रोश :** बबलू की मौत के बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल में तोड़फोड़ की और मृतक का शव सड़क पर रखकर राष्ट्रीय उच्चपथ जाम कर दिया। आगजनी की भी घटनाएँ हुईं, जिससे आसपास के क्षेत्र में भारी तनाव उत्पन्न हुआ।

**परिवार का आरोप :** परिजनों का आरोप है कि बबलू को सनराइज हॉस्पिटल में इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की गई थी। कुछ पैसे बकाया होने के कारण डॉक्टर्स ने ऑक्सीजन और दवा देना बंद कर दिया, जिससे उनकी मौत हुई। मृतक की शादी एक महीने पहले ही हुई थी और वह दो भाइयों में सबसे बड़ा था।

**पुलिस और अस्पताल का बयान :** छतौनी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और सड़क जाम हटवाया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि हादसे में घायल अन्य युवक भी उपचाराधीन हैं। सनराइज हॉस्पिटल के किसी डॉक्टर ने घटना पर कोई बयान देने से इंकार कर दिया।

# शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आस्था और उत्सव का माहौल

**सारण,** (हि.स.)। सारण के छपरा शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आस्था और उल्लास का माहौल है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए विभिन्न पंडालों में भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। गलियों, चौक-चौराहों और बाजारों में आकर्षक पंडालों का निर्माण किया गया है, जो देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।



**भव्य पंडाल और आकर्षक सजावट :** शहर के श्याम चक, भगवान बाजार, गुदरी राय चौक, नेहरू चौक और अन्य स्थानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सुबह और शाम पूजन के साथ भजन और कीर्तन का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु परिवार के साथ पंडालों में पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं।

**थीम आधारित पंडाल** इस बार के नवरात्र में थीम आधारित पंडालों ने खास आकर्षण बढ़ाया है। बनियापुर में "ऑपरेशन सिंदूर" पंडाल देशभक्ति का संदेश दे रहा है, जबकि जलालपुर के फुटानी बाजार में विशाल ऑक्टोपस के आकार का पंडाल बच्चों और युवाओं का पसंदीदा सेल्फी प्वाइंट बन गया है।

**सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव ;** नवरात्र केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता का प्रतीक बन गया है। भजन संध्या, गरबा और डांडिया जैसे कार्यक्रमों ने वातावरण को जीवंत बना दिया है। इस प्रकार, छपरा और आसपास के इलाके इस बार नवरात्र के पर्व में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का अद्भुत संगम देख रहे हैं।

# नवरात्रि आयोजकों पर जीएसटी विभाग का छापा, सूरत और अहमदाबाद में हड़कंप



**सूरत,** (हि.स.)
----------------
गुजरात के दो बड़े शहर सूरत और अहमदाबाद में चल रही भव्य 'सुवर्ण नवरात्रि' के आयोजकों पर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जी एस टी) विभाग ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। खासकर गरबा के पास और टिकटों की बेतहाशा बिक्री को लेकर विभाग ने यह कार्रवाई की है। इस कदम से गरबा आयोजन क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, 10 से अधिक अधिकारियों की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। ये कार्रवाई उन बड़े गरबा स्थलों पर हुई जहां गुजरात के मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम हो रहे थे।

सूत्रों के मुताबिक, सूरत में आदित्य गढ़वी (रंग मोरलो) और उमेश बारोट (सुवर्ण नवरात्रि-सूरत) अहमदाबाद में जीगरदान गढ़वी (स्वर्णिम नगरी गरबा) और पूर्वा मंत्री (सुवर्ण नवरात्रि-अहमदाबाद) के आयोजनों में रेड की गई।

जीएसटी अधिकारियों ने आयोजकों के पास-टिकट बिक्री और अन्य वित्तीय लेनदेन की गहराई से जांच शुरू की है। आशंका है कि इन बड़े आयोजकों ने पास और टिकट की बिक्री से हुई कमाई पर पूरा टैक्स जमा नहीं किया या फिर टैक्स चोरी की गई है।नवरात्रि के बड़े आयोजनों में करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। खासकर सीजन पास और एंट्री पास से होने वाली आय सीधा GST दायरे में आती है। ऐसे में विभाग की यह कार्रवाई नवरात्रि आयोजकों के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। इस छापेमारी से छोटे और बड़े अन्य आयोजकों में भी डर का माहौल है। GST विभाग की कार्रवाई से साफ संकेत मिलता है कि त्योहारों के दौरान होने वाले बड़े वित्तीय लेनदेन पर सरकार की कड़ी नजर है। जांच पूरी होने के बाद बड़ी टैक्स चोरी का खुलासा हो सकता है।

## मैसूर का दशहरा : बुराई पर अच्छाई की जीत का अद्भुत पर्व

आश्विन माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी या दशहरा मनाया जाता है, जो देशभर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भारत के अन्य राज्यों से अलग, मैसूर का दशहरा देवी चामुंडा द्वारा राक्षस महिसासुर के वध पर आधारित है। यहां न तो राम और रावण होते



हैं और न ही रावण पुतला दहन। मैसूर दशहरा विश्व प्रसिद्ध है और 10 दिनों तक भव्य रूप से मनाया जाता है। मैसूर पैलेस हजारों बल्बों से जगमग करता है और दसवें दिन होने वाली भव्य शोभायात्रा 'जंबू सवारी' कहलाती है।इस यात्रा में हाथियों, घोड़ों और सांस्कृतिक झांकियों का अनोखा प्रदर्शन होता है। सोने-चांदी से सजाए हाथियों का काफिला 21 तोपों की सलामी के साथ पैलेस से निकलता है। लगभग 6 किलोमीटर लंबी यह यात्रा मैसूर पैलेस से बन्नि मंडप तक जाती है, जहां बन्नी/शमी के पेड़ का पूजन होता है। यह महापर्व कर्नाटक की सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करता है।

## डीजीसीए ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिया एयरपोर्ट लाइसेंस

**नई दिल्ली/मुंबई,** (हि.स)। विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) को एयरपोर्ट का लाइसेंस प्रदान कर दिया है। एनएमआईए मुंबई महानगर क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा होगा।



नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनएमआईएएल) ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, ''नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से लाइसेंस मिलने के साथ ही नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। एयरपोर्ट संचालक ने कहा कि कड़ी सुरक्षा और नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद प्रदान किया गया यह लाइसेंस परिचालन शुरू करने के लिए एक आवश्यक शर्त है।'' एनएमआईएएल ने कहा कि एयरपोर्ट का लाइसेंस मिलने के साथ एनएमआईए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्क बढ़ाने और नवी मुंबई को दुनिया के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले एक आधुनिक प्रवेश द्वार की स्थापना के अपने दृष्टिकोण के और करीब पहुंच गया है।

उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट का अडानी समूह और महाराष्ट्र नगर विकास प्राधिकरण सिडको पांच चरणों में विकास कर रहा है। प्रारंभिक चरण में प्रति वर्ष 2 करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) की क्षमता और 5 लाख मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो की ढुलाई की क्षमता होने की उम्मीद है।

### भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता 01 अक्टूबर से होगा प्रभावी

**नई दिल्ली,** (हि.स)। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) 1 अक्टूबर से लागू होगा। इस संघ में स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। इस समझौते पर 10 मार्च 2024 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए थे। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, ईएफटीए ने 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर निवेश का वादा किया है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष




गोयल और ईएफटीए देशों के मंत्री भाग लेंगे। इस समझौते में 14 अध्याय शामिल हैं, जिनमें वस्तुओं की बाजार पहुंच, उत्पत्ति के नियम, व्यापार सुगमता, निवेश प्रोत्साहन, बौद्धिक संपदा अधिकार और सतत विकास प्रमुख हैं। इसके तहत गैर-कृषि और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर टैरिफ रियायत दी गई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और पॉलिश किए हीरों पर कम या शून्य शुल्क लागू होगा।

## टेम्प्सेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीएचआरपी

**नई दिल्ली,** (हि.स)।गुजरात के वडोदरा स्थित टेम्प्सेंस इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह आईपीओ 118 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों का निर्गम है। कंपनी के प्रमोटर अमित तलेसरा, पुनीत तलेसरा और चंद्र प्रकाश तलेसरा के साथ अन्य शेयरधारक अंकित तलेसरा और निर्मल कुमार पांडे भी इसमें हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी ने बताया कि नए निर्गम से प्राप्त राशि में से




35.37 करोड़ रुपये विद्युत तापन और विशेष केबल समाधानों के लिए पूंजीगत व्यय पर खर्च किए जाएंगे। वहीं लगभग 55 करोड़ रुपये उधारों के पूर्व-भुगतान या आंशिक पुनर्भुगतान और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग होगी। यह इश्यू सेबी आईसीडीआर विनियमों के तहत बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया से लाया जाएगा, जिसमें 50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी), 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) और 35 फीसदी खुदरा निवेशकों (आरआईआई) के लिए आरक्षित रहेगा। वर्ष 1990 में स्थापित टेम्प्सेंस इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया थर्मल इंजीनियरिंग और विशेष केबल निर्माण क्षेत्र में अग्रणी है।

## कांगो के पूर्व राष्ट्रपति कबीला को सैन्य अदालत ने उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के पूर्व राष्ट्रपति जोसेफ काबिला को अनुपस्थिति में सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई। उन्हें युद्ध अपराध,



देशद्रोह और मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी ठहराया गया। अदालत ने उन्हें राज्य और पीड़ितों को 50 अरब डॉलर मुआवजा देने का भी आदेश दिया।

# राशिफल : 01 अक्टूबर, 2025



मेष- कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8



वृष- इच्छित कार्य सफल होंगें। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8



मिथुन- शनैः- शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9



कर्क- शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9



सिंह- कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7



कन्या- अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8



तुला- कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7



वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढऩे के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8



धनु- धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8



मकर- परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9



कुंभ- पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9



मीन- भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढऩे के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। शुभांक-3-5-6


# पंचांग : 01अक्टूबर, 2025

01 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र धनु में
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 07.06 बजे से
वृश्चिक 09.20 ब.से
धनु 11.36 बजे से
मकर 13.42 बजे से
कुंभ 15.28 बजे से
मीन 17.01 बजे से
मेष 18.31 बजे से
वृष 20.11 बजे से
मिथुन 22.10 बजे से
कर्क 00.23 बजे से
सिंह 02.39 बजे से
कन्या 04.51 बजे से
बुधवार 2025 वर्ष का 274 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि नवमी 19.02 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा 08.06 बजे को समाप्त।
योग अतिगण्ड 00.34 बजे रात्र को समाप्त। करण बालव 06.40 बजे तदनन्तर कौलव 19.02 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 09.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 030 12
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872484
जूलियन दिन 2460949.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123

वीरनिर्वाण संवत् 2551

हिजरी सन् 1446 महीना रबी उस्सानी तारीख 08 विशेष सरस्वती बलिदान, महानवमी, दुर्गा बलिदान, आयुध पूजा, सरस्वती पूजा।



# विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला इस बार ज्योतिष पंचांग के आधार से चार दिन का ही रहेगा

**अजमेर, (हि.स.)**

- - - - - - - - - - - - - - - - -

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर का धार्मिक (कार्तिक) मेला इस बार ज्योतिष पंचांग के आधार से चार दिन का ही रहेगा। पुष्कर के पवित्र ब्रह्म सरोवर में श्रद्धालु इस बार 2 से 5 नवंबर तक चार दिनों में ही भीष्म पंचक स्नान कर पुण्य लाभ कमायेंगे। वैसे पुष्कर के अंतरराष्ट्रीय पशु मेले की शुरुआत 22 अक्टूबर से होगी जो 7 नवम्बर तक चलेगा। पुष्कर मेले का विधिवत ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ 30 अक्टूबर को मेला मैदान में होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि 2 नवंबर से 5 नवंबर तक पुष्कर का धार्मिक मेला रहेगा। इस बार एक तिथि द्वादशी तिथि क्षय होने से 5 दिवसीय कार्तिक मेला 4 दिन में ही पूर्ण होगा। बताया कि देव प्रबोधिनी एकादशी तुलसी विवाह 2 नवंबर को होगी, 4 नवंबर को ब्रह्म चतुर्दशी बैकुंठ चतुर्दशी का विशेष योग बनेगा तथा 5 नवंबर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा का व्रत एवं पुष्कर सरोवर में महास्नान होगा। ज्योतिष एवं पंचांग के आधार से पद्मन योग जो पुष्कर में कार्तिक मास में ही होता है इस बार 6 नवंबर गुरुवार मृगचला स्नान के दिन पद्मन योग बन रहा है जो रात्रि 2.52 से 5.28 तक पुष्कर तीर्थ में होगा। इस योग में स्नान, दान पुण्य, पूजन हवन करने से करोड़ों गुना फल प्राप्त होता है एवं इस योग में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों का समागम पद्मन योग में बनता है। ऐसा वेद शास्त्र में वर्णित है। यह योग कार्तिक मास पुष्कर में ही बताया गया है। बताया कि इस बार एक तिथि कम होने से मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को बन रहा है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय पशु मेले को लेकर प्रशासनिक बैठकें शुरू हो गई हैं। पशुपालन विभाग और नगर परिषद पुष्कर ने व्यवस्थाओं से संबंधित टेंडर नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। पुष्कर तीर्थ की धार्मिक मर्यादा बनी रहे और पवित्रता से छेड़छाड़ ना हो इसे ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस इंतजाम भी किए जाने को लेकर मंथन किया गया है।

एसएपी दीपक शर्मा ने बताया कि इस बार करीब 2 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मचारियों को मेला क्षेत्र में लगाया जाना प्रस्तावित हैं लिहाजा अन्य जिलों से भी पुलिस स्टाफ को बुलाया जा रहा है। मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना और मेलार्थियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो इसका ध्यान रखना दोनों ही बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि पशु मेले में आने वाले पशुपालकों व उनके पशुओं के ठहरने व चारा पानी के पुख्ता इंतजाम के लिए तहसीलदार इंद्रजीत सिंह चौहान, एसडीओ गुरु प्रसाद,सहित पशुपालन, डिस्कॉम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, रसद विभाग सभी के अधिकारियों ने अपने अपने कार्यक्षेत्र को रेखांकित कर इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

## मोदी सरकार पंजाब के बाढ़ प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है : अमित शाह

**नई दिल्ली, (हि.स.)**

----------------------

मंगलवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक 13,800 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है, जो बढ़कर 20,000 करोड़ तक पहुंच सकता है। मान ने कहा कि "हर संकट में पंजाब देश के साथ खड़ा रहा है, अब जब पंजाब पर संकट है, तो देश को भी पंजाब के साथ खड़ा होना चाहिए।"



गृह मंत्रालय के अनुसार, पंजाब के पास राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) में 12,589.59 करोड़ रुपये की पर्याप्त राशि उपलब्ध है, जिसका उपयोग तत्काल राहत और पुनर्वास कार्यों में किया जा सकता है। केंद्र सरकार अब तक 805 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार और लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत जारी कर चुकी है, जबकि शेष धनराशि राज्य से आवश्यक विवरण प्राप्त होने पर दी जाएगी।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 सितंबर को स्वयं पंजाब पहुंचे थे और प्रभावित इलाकों का जायजा लिया था। केंद्र ने 1 सितंबर को ही एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (IMCT) गठित कर दिया था, जिसने 3 से 6 सितंबर तक राज्य का दौरा कर नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन किया। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से विस्तृत ज्ञापन अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है।
गृह मंत्रालय ने राज्यों को आजीविका बहाली और क्षतिग्रस्त ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए योजना तैयार करने का सुझाव दिया है। इसके लिए SDRF और NDRF के तहत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में हुए भारी नुकसान का हवाला देते हुए अतिरिक्त धनराशि की मांग की।

## पुरी श्रीमंदिर के पास शराब और मांसाहारी दुकानों पर लगेगा प्रतिबंध : ओडिशा सरकार

**भुवनेश्वर, (हि.स.)**

---------------

ओडिशा सरकार ने पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के आसपास शराब और मांसाहारी दुकानों पर सख्त प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। राज्य के आबकारी मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने मंगलवार को इस आदेश की घोषणा करते हुए कहा कि मंदिर से एक किलोमीटर के दायरे में किसी भी शराब दुकान को अनुमति नहीं दी जाएगी।
मंत्री ने बताया कि यह रोक केवल मंदिर के मुख्य परिसर तक सीमित नहीं होगी, बल्कि 'बड़दांड' (ग्रैंड रोड) और उससे जुड़ी छोटी गलियों में भी लागू की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य मंदिर क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखना और तामसिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।




उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्देश बहुत जल्द प्रभावी होगा और इसके उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना है क भक्तजन और तीर्थयात्री पूरी श्रद्धा और शांति के साथ पूजा-अर्चना कर सकें।"
विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय पुरी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं के अनुभव को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब मंदिर क्षेत्र में शराब और मांसाहारी दुकानों के लिए स्थान नहीं बचेगा, जिससे वातावरण अधिक शांत और पवित्र रहेगा।
सरकारी अधिकारियों ने बताया कि आदेश लागू होने के बाद क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई जाएगी और दुकानदारों को निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। कुछ स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि उन्हें अपने व्यवसाय में बदलाव करने पड़ेंगे।
ओडिशा सरकार का यह कदम पुरी मंदिर क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। भक्त और पर्यटक अब मंदिर क्षेत्र में सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण वातावरण का अनुभव कर सकेंगे। इसके साथ ही उम्मीद है कि पुरी के धार्मिक पर्यटन स्थल की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भक्तों की संख्या में भी इजाफा होगा।

## गोरेगांव में 9.06 करोड़ रुपये मूल्य की 427 ग्राम मेफेड्रोन जब्त, दो गिरफ्तार

**मुंबई,** (हि.स.)

मुंबई के गोरेगांव इलाके में पुलिस ने मंगलवार को छापा मारकर 9.06 करोड़ रुपये मूल्य की 427 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों आरोपितों से पुलिस गहन छानबीन कर रही है।



मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ (एएनसी) के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उसने शहर के गोरेगांव इलाके से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 427 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि अवैध बाजार में इस जब्ती की कीमत 9.06 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एएनसी की टीम को गोरेगांव में ड्रग की सौदेबाजी की पूर्व सूचना मिली थी। इसी जानकारी के अनुसार पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में गोरेगांव में निगरानी रखा था। मौके पर जैसे ही ड्रग विक्रेता और उसे खरीदने वाले दिखे, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के खिलाफ गोरेगांव पुलिस स्टेशन में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व कांदिवली यूनिट के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एस.बी. जगदाले ने किया।

## मुख्यमंत्री खांडू ने कारीगर-सह-हस्तशिल्प प्रदर्शनी केंद्र और क्राफ्ट कनेक्ट अरुणाचल-2025 का किया उद्घाटन

**सूरत,** (हि.स.)

-------------

-- आरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज इटानगर स्मार्ट सिटी मिशन के के अंतर्गत वीकेवी चिम्पू में कारीगर-सह-हस्तशिल्प प्रदर्शनी केंद्र और क्राफ्ट कनेक्ट अरुणाचल-2025 (हथकरघा एवं हस्तशिल्प एक्सपो) का उद्घाटन किया।
उद्घाटन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा पारंपरिक हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। साथ ही आधुनिक बाजार की मांगों के साथ उनका एकीकरण सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि नया प्रदर्शनी केंद्र अरुणाचल प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा।



खांडू ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, इटानगर में सड़क निर्माण, शहरी नियोजन और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।
उन्होंने कहा कि सड़कों, जल निकासी व्यवस्था और शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
अपने संबोधन में, गणमान्य व्यक्तियों ने स्थानीय कारीगरों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा देने और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।
मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कनेक्टिविटी, आवास और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में कई और विकासात्मक पहल की जा रही हैं।
इस कार्यक्रम में शहरी मामलों के मंत्री बालो राजा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री न्यातो दुकम और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आरबीआई ने छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का गठन किया

**नई दिल्ली/मुंबई,** (हि.स)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मंगलवार को देशभर में भुगतान प्रणालियों के कामकाज की निगरानी के लिए छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड (पीआरबी) का गठन किया है। इस बोर्ड की अध्यक्षता आरबीआई गवर्नर खुद करेंगे, जबकि इसमें केंद्र सरकार के तीन नामित सदस्य शामिल होंगे।




रिजर्व बैंक ने जारी एक बयान में बताया क भुगतान नियामक बोर्ड (पीआरबी) का गठन पीएसएस अधिनियम, 2007 की धारा 3 (2) के तहत किया गया है। आरबीआई ने कहा कि देशभर में भुगतान प्रणालियों के कामकाज की निगरानी के लिए गठित छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड में केंद्र सरकार के तीन नामित सदस्य भी शामिल हैं। इस बोर्ड के प्रमुख गवर्नर हैं।
आरबीआई ने कहा कि वित्त मंत्रालय की ओर से 6 मई, 2025 को जारी गजट अधिसूचना के अनुसार भुगतान नियामक बोर्ड (पीआरबी), रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की एक समिति, भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड (बीपीएसएस) का स्थान लेगा। इस पांच सदस्यीय बीपीएसएस का नेतृत्व भी रिजर्व बैंक के गवर्नर करते थे, लेकिन इसमें कोई सरकारी नामित सदस्य शामिल नहीं है। मई में जारी अधिसूचना के अनुसार पीआरबी में रिजर्व बैंक के अन्य दो सदस्य डिप्टी गवर्नर और भुगतान और निपटान प्रणालियों के प्रभारी कार्यकारी निदेशक हैं। इस बोर्ड में सरकार के नामित सदस्यों में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और पूर्व दूरसंचार सचिव अरुणा सुंदरराजन हैं। मई में जारी अधिसूचना के अनुसार नवगठित भुगतान विनियामक बोर्ड की बैठक सामान्यतः वर्ष में कम से कम दो बार होगी। रिजर्व बैंक के प्रधान कानूनी सलाहकार बोर्ड की बैठकों में स्थायी आमंत्रित सदस्य होते हैं।

# ट्रंप का गाजा पीस प्लान: 1 बंधक के बदले 15 फिलिस्तीनियों की रिहाई, आतंक-मुक्त क्षेत्र बनेगा गाजा



**बीजिंग,** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में पिछले दो साल से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक शांति योजना पेश की है। इजरायल ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया है। योजना का उद्देश्य गाजा को आतंकवाद और हमास के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त कर, अंतरराष्ट्रीय निगरानी में उसका पुनर्निर्माण करना और क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करना है।

**बंधकों और कैदियों का आदान-प्रदान :** योजना के अनुसार, समझौते के लागू होते ही 72 घंटे के भीतर हमास सभी बंधकों को इजरायल को सौंपेगा, चाहे वे जीवित हों या मृत। इसके बाद इजरायल 250 आजीवन कैदियों और 7 अक्टूबर 2023 के बाद हिरासत में लिए गए 1700 गाजावासियों, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, को रिहा करेगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक इजरायली बंधक के शव के बदले 15 मृत गाजावासियों के शव लौटाए जाएंगे। यह कदम दोनों पक्षों के बीच भरोसे और शांति प्रक्रिया को मजबूत करेगा।

**हमास की समाप्ति और विसैन्यीकरण :** गाजा को पूरी तरह हमास के नियंत्रण से मुक्त किया जाएगा। हमास के हथियार और उत्पादन इकाइयां नष्ट की जाएंगी। जो सदस्य शांति के लिए प्रतिबद्ध होंगे और अपने हथियार निष्क्रिय करेंगे, उन्हें क्षमादान मिलेगा। वहीं जो लोग गाजा छोड़ना चाहेंगे, उन्हें सुरक्षित मार्ग प्रदान किया जाएगा। इससे गाजा को आतंक-मुक्त और स्थिर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

**पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास :** गाजा में तुरंत अंतरराष्ट्रीय सहायता भेजी जाएगी, जिसमें बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, सड़कें और बेकरी का पुनर्निर्माण शामिल होगा। एक विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित कर गाजा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। योजना का अंतिम उद्देश्य गाजा को आतंक-मुक्त, स्थिर और विकासशील बनाकर भविष्य में फिलिस्तीनी राज्य की संभावनाओं के लिए मार्ग तैयार करना है।

**अंतरराष्ट्रीय निगरानी और प्रशासन :** गाजा का शासन अस्थायी तौर पर एक तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति संभालेगी। इसकी निगरानी अंतरराष्ट्रीय "शांति बोर्ड" करेगा, जिसकी अध्यक्षता ट्रंप और अन्य वैश्विक नेता करेंगे। अमेरिका और साझेदार देश गाजा में एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (ISF) भी तैनात करेंगे, जो फिलिस्तीनी पुलिस को प्रशिक्षित करेगा, सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और हथियारों की तस्करी रोकने में मदद करेगा।

## सर्बिया में गिरफ्तार 11 लोग, फ्रांस में मस्जिदों के बाहर सुअर के सिर रखने और यहूदी स्थलों पर हमलों का आरोप

**बेलग्रेड,** (हि.स.)। सर्बियाई पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने इस महीने पेरिस और आसपास मस्जिदों के बाहर सुअर के सिर रखे और यहूदी स्थलों को निशाना बनाया। सर्बिया के गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। गिरफ्तारियों पर यह भी संदेह है कि उन्होंने पेरिस में होलोकॉस्ट म्यूजियम, कई सिनागॉग और एक यहूदी रेस्तरां पर हरी पेंट फेंकी और बर्लिन के ब्रैंडेनबर्ग गेट के सामने कंक्रीट का "कंकाल" रखा। सभी आरोपित सर्बियाई नागरिक हैं और उन्हें सर्बिया



में प्रशिक्षित किया गया। मंत्रालय के अनुसार, एक फरार संदिग्ध, जिसे केवल M.G. के नाम से पहचाना गया है, ने इन लोगों को विदेशी खुफिया एजेंसी के आदेश पर प्रशिक्षण दिया। बयान में कहा गया, "इनका उद्देश्य अलग-अलग समूहों के लोगों के आधार पर नफरत, भेदभाव और हिंसा को बढ़ावा देना था।" फ्रांस में पुलिस जांच में पता चला कि मस्जिदों के बाहर सुअर के सिर विदेशी नागरिकों ने रखे थे, जो तुरंत देश छोड़कर चले गए। फ्रांस ने अतीत में रूस पर विभाजन फैलाने का आरोप लगाया है। मई में भी तीन सर्बियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था, जब सिनागॉग और होलोकॉस्ट स्मारक पर हरी पेंट फेंकी गई थी। सर्बिया, जो यूरोपीय संघ में शामिल होने का लक्ष्य रखता है, रूस के साथ घनिष्ठ संबंध रखता है और यूरोप का एकमात्र ऐसा देश है जिसने मॉस्को पर प्रतिबंध नहीं लगाए हैं।

## ढाई साल की आर्यतारा शाक्य बनीं नेपाल की जीवित देवी कुमारी, आसान ग्रहण कराया गया

**काठमांडू,** (हि.स.)। ढाई साल की आर्यतारा शाक्य जीवित देवी कुमारी बन गई हैं। शाक्य समुदाय के 16 भवनों में से इतुम्बाहाल भवन के लिए उनका चयन किया गया है। उनके पिता अनंत शाक्य, माता प्रतिष्ठा शाक्य और बहन परमिता शाक्य हैं।

काठमांडू के ऐतिहासिक कुमारी घर में मंगलवार को अष्टमी के दिन आर्यतारा की पूजा कर परंपरागत तरीके से आसान ग्रहण कराया गया। आर्या तारा कुमारी तृष्णा शाक्य की वर्तमान उत्तराधिकारी हैं। परंपरा के अनुसार निवर्तमान कुमारी देवी तृष्णा का रजस्वला होने के साथ ही उनकी विदाई की गई। रजस्वला होने के साथ ही तृष्णा शाक्य के कार्यकाल की समाप्ति के बाद उसे विशेष प्रार्थनाओं और संगीत वाद्ययंत्रों के साथ डोली



में बिठा कर घर ले जाया गया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विदाई दी गई।

जीवित देवी कुमारी को हिंदू देवी तलेजू भवानी का जीवित अवतार माना जाता है। चयन प्रक्रिया प्राचीन तांत्रिक विधियों और ज्योतिषीय मूल्यांकन पर आधारित होती है। इसमें एक पंचांग समिति, तलेजू के मूल पुजारी, गुठी प्रतिनिधि और ज्योतिषी शामिल होते हैं। जीवित देवी कुमारी बनने के लिए शर्त है कि वह शाक्य वंश से होनी चाहिए और माता-पिता दोनों काठमांडू के स्थानीय शाक्य समुदाय से होने चाहिए। कुमारी बनने के लिए उनकी शारीरिक और धार्मिक गुणों को विशेष महत्व दिया जाता है। परंपरा के अनुसार एक कुंवारी लड़की में 32 गुण होने की उम्मीद की जाती है, जिनमें सुंदरता, शारीरिक शुद्धता, शांत स्वभाव, दिव्य गुण, शरीर पर किसी भी घाव या दाग का न होना, पूर्ण दांत और असाधारण निर्भयता शामिल हैं।

आर्यतारा की नियुक्ति नेपाल की सदियों पुरानी अनूठी परंपरा का हिस्सा है। जीवित देवी कुमारी की पूजा हिंदू और बौद्ध दोनों ही करते हैं और राष्ट्रीय सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन में उनकी एक महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक भूमिका है।

### बुलेटिन बॉक्स

» **मिशिगन चर्च गोलीबारी – अमेरिका के मिशिगन में चर्च में गोलीबारी, 5 की मौत, 8 घायल।**

» **सऊदी-पाक रक्षा समझौता – ईरान ने इस समझौते में शामिल होने की इच्छा जताई।**

» **ट्रंप की बैठक – राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वर्जीनिया में शीर्ष जनरलों की बैठक में होंगे शामिल।**

» **अफगानिस्तान-अमेरिका संबंध – अफगानिस्तान ने एक और अमेरिकी नागरिक आमिर अमीरी को जेल से रिहा किया।**

» **बांग्लादेश हिंसा – खगराचारी जिले में भड़की हिंसा, 3 आदिवासी मारे गए, कई पुलिसकर्मी घायल।**

## बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट, 16 की मौत

**क्वेटा (बलोचिस्तान),** (हि.स.)। आज बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में फ्रंटियर कोर (एफसी) मुख्यालय के पास हुए आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 16 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हो गए। घायलों में अधिकांश की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास



की इमारतों की खिड़कियां और दरवाजे टूट गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**हमलावरों की योजना और मुठभेड़ :** बलोचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त काकर ने बताया कि छह आतंकवादियों के पास सूखा खाना और अन्य सामान बरामद हुआ है, जिससे लगता है कि उन्होंने एफसी मुख्यालय में घुसकर लंबी मुठभेड़ की योजना बनाई थी। हमलावर दो वाहनों में आए थे। एक वाहन को बैरियर के पास आत्मघाती हमले में उड़ा दिया गया, जबकि दूसरे वाहन को चौकी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने रोक लिया। गोलीबारी में एफसी के दो कर्मी मारे गए।

**सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई**

**अस्पतालों में आपातकालीन स्थिति :** विस्फोट के बाद क्वेटा सिविल अस्पताल, बलोचिस्तान मेडिकल कॉलेज और ट्रॉमा सेंटर में आपातकाल घोषित कर दिया गया। सभी डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पताल में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने हमले की कड़ी निंदा की और चार आतंकवादियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया की प्रशंसा की।

क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद बलोच के अनुसार, विस्फोट उस समय हुआ जब विस्फोटकों से लदा वाहन एफसी मुख्यालय के पास हाली रोड की ओर मुड़ रहा था। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा करते हुए सुरक्षा बलों की सराहना की।

## रूस का यूक्रेन के डोनेत्स्क क्षेत्र में दो गांवों पर कब्जा करने का दावा



**मॉस्को,** (हि.स.)। रूस ने दावा किया है कि उसके सैनिकों ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेत्स्क क्षेत्र में शैंड्रिहोलोवे और ज़ारिच्ने नामक दो गांवों पर कब्जा कर लिया है। ये दोनों गांव स्लावयांस्क शहर के पूर्वोत्तर में स्थित हैं।

रूसी रक्षा मंत्रालय के सोमवार देर रात दापी एक बयान के मुताबिक उसके सैनिकों के साहसी और निर्णायक कार्रवाइयों से ज़ारिच्ने पर कब्जा किया। उसने इसके लिए लिए अपने सैनिकों को बधाई दी। मंत्रालय ने शैंड्रिहोलोवे में रूसी सैनिकों के इमारतों से गुजरते हुए और रूसी झंडा फहराते हुए एक वीडियो भी जारी किया है।

इस बीच यूक्रेनी अधिकारियों ने शैंड्रिहोलोवे और ज़ारिच्ने से संबंधित रूसी दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि डोनेत्स्क क्षेत्र के डोब्रोपिल्या के पास यूक्रेन का जवाबी हमला जारी है जिसमें लगभग 175 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को रूसी कब्जे से वापस हासिल कर लिया गया है। यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ओलेक्सांद्र सिरस्की ने टेलीग्राम पर इस अभियान के बारे में जानकारी साझा की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि पॉक्रोवस्क के प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्र डोब्रोपिल्या पर रूस के खिलाफ जवाबी हमला जारी है और हमने 175 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को वापस ले लिया है। उन्होंने खार्किव क्षेत्र के पूर्वोत्तर में कुपयांस्क, डोनेत्स्क तथा डिनप्रोपेट्रोवस्क क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में स्थिति को काफी मुश्किल बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सैनिक रक्षा के लिए सब कुछ कर रहे हैं।

गौरतलब है कि रूस का अब यूक्रेन के लगभग 19 प्रतिशत क्षेत्रों पर नियंत्रण है। रूस यूक्रेन में डोनेत्स्क क्षेत्र से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए स्लावयांस्क पर कब्जा करने की मंशा रखता है। यूक्रेनी और पश्चिमी सैन्य विश्लेषकों के अनुसार रूस का आगे बढ़ना उसके सैनिकों के भारी तादाद में हताहत होने के बीच हो रहा है। हालांकि वह हताहतों के आंकड़े जारी नहीं करता।

## ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाया गया

**कैनबरा,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने विक्टोरिया के हॉर्सहम शहर स्थित एक लोकप्रिय भारतीय फ्यूजन रेस्तरां के मालिक गुणसीलन मनोहरन को एक नाबालिग और एक वयस्क महिला से जुड़े यौन उत्पीड़न के कई मामलों में दोषी ठहराया है। अदालत आगामी 12 नवंबर को मनोहरन को सजा पर फैसला सुनाएगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बैलरैट काउंटी कोर्ट की जूरी ने 2014 में भारत से ऑस्ट्रेलिया आए मनोहरन को एक नाबालिग पर यौन



उत्पीड़न के चार मामलों में और एक वयस्क महिला पर यौन अपराध के एक मामले में दोषी ठहराया है। न्यायाधीश जॉन केली 12 नवंबर को मनोहरन को सजा सुनाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यदि संघीय सरकार इन मामलों के चलते उसका वीजा रद्द करती है तो उसे निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है।

## अमेरिका सरकारी शटडाउन के करीब, व्हाइट हाउस में बैठक बेनतीजा

**-उपराष्ट्रपति वेंस इससे हताश, कहा- लगता है कि हम बंद की ओर बढ़ रहे हैं**

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका सरकारी शटडाउन के करीब पहुंच गया है। यदि पहली अक्टूबर तक सरकार के लिए धन का प्रबंध नहीं हुआ, तो आधी रात के बाद सरकारी कामकाज ठप हो सकता है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स वित्त पोषण को लेकर असहमत हैं। सोमवार को व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद कोई प्रगति नहीं हुई।



उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि सरकार बंद की ओर बढ़ रही है। डेमोक्रेट स्वास्थ्य सेवा सब्सिडी बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, जबकि रिपब्लिकन मौजूदा वित्त पोषण को सात हफ्तों के लिए बढ़ाना चाहते हैं। स्थिति और जटिल तब हो गई जब राष्ट्रपति ट्रंप ने शूमर और जेफ्रीज़ का मजाक उड़ाता कथित एआई-निर्मित फर्जी वीडियो पोस्ट किया। शूमर ने इसे "नखरे दिखाने" का उदाहरण बताया। एयरलाइनों और श्रमिक संघों ने शटडाउन रोकने के लिए दबाव डाला। चेतावनी दी गई कि इससे हवाई सुरक्षा प्रणाली और नए हवाई यातायात नियंत्रकों की भर्ती प्रभावित हो सकती है। सरकारी असहमति और राजनीतिक विवाद के बीच शटडाउन का खतरा अमेरिकी जनता और अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर बना हुआ है।

# महिला वनडे विश्व कप : दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत की जीत, श्रीलंका को 59 रनों से हराया



गुवाहाटी, (हि.स.)

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप का आगाज शानदार अंदाज़ में किया और उद्घाटन मैच में श्रीलंका को 59 रन से मात दी। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की जीत की हीरो रहीं दीप्ति शर्मा, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से दम दिखाया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संघर्षपूर्ण स्थिति से उबरकर बड़ा स्कोर खड़ा किया। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद दीप्ति शर्मा (87 रन) और अमनजोत कौर (57 रन) की सातवें विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी ने टीम को संभाला। हरलीन देओल (48) और प्रतिका रावल (37) ने भी अहम योगदान दिया।

डीएलएस नियम के आधार पर श्रीलंका को 271 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन पूरी टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। कप्तान चमारी अट्टापट्टू (43), निलाक्षी दि सिल्वा (35) और हर्षिता समाराविक्रमा (29) ही कुछ संघर्ष कर सकीं।

गेंदबाजी में भी दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके, जबकि स्नेह राणा और श्री चरणी ने 2-2 विकेट हासिल किए। बाकी गेंदबाजों ने भी लगातार दबाव बनाए रखा।

इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की और खिताबी अभियान को मजबूत आधार दिया।

# बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ के लिए महिला टीम की घोषणा, मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने 14 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले 2025 बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह पहली बार होगा जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के प्ले-ऑफ की मेजबानी करेगा।




टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। इसमें सहजा यमालापल्ली, श्रिवल्ली भामिदिपत्य, अंकिता रैना, रिया भाटिया और प्रार्थना थोम्बरे शामिल हैं। वैदेही चौधरी को रिज़र्व खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। टीम की कप्तानी विशाल उप्पल करेंगे जबकि राधिका कानिटकर कोच की भूमिका निभाएंगी। टीम 4 नवंबर से बेंगलुरु में अभ्यास शिविर शुरू करेगी, जिसमें ज़ील देसाई और श्रुति आहलावत भी शामिल होंगी। वहीं, युवा खिलाड़ी माया राजेश्वरन, जो क्वालिफिकेशन राउंड में रिज़र्व टीम का हिस्सा थीं, को इस बार अंतिम टीम में जगह नहीं मिली है।

भारत को ग्रुप जी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला स्लोवेनिया और सातवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड्स से होगा। ग्रुप स्टेज राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा, जिसके विजेता को 2026 बिली जीन किंग कप क्वालिफ़ायर में जगह मिलेगी। अन्य दो टीमें अगले सीज़न के लिए अपने-अपने रीजनल ग्रुप I इवेंट्स में लौट जाएंगी।

इससे पहले अप्रैल 2025 में पुणे में खेले गए एशिया-ओशिनिया ग्रुप I में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया था। टीम ने कोरिया गणराज्य को 2-1 से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया और प्ले-ऑफ में जगह बनाई। उस समय भारत, न्यूज़ीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा था।

बिली जीन किंग कप, जिसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था, महिला टेनिस का विश्व कप माना जाता है। यह दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों को टीम प्रारूप में एक मंच पर लाता है और प्रतिष्ठा के मामले में पुरुषों के डेविस कप के बराबर है।

# वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में योगेश कथुनिया ने पुरुष डिस्कस F56 इवेंट में जीता रजत




**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
भारतीय पैरा एथलीट योगेश कथुनिया ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मंगलवार को पुरुष डिस्कस थ्रो F56 इवेंट में रजत पदक जीता।

योगेश ने अपने दूसरे प्रयास में 42.49 मीटर का थ्रो किया, जो केवल ब्राजील के क्लाउडिनी बस्टिस्टा के 45.67 मीटर के थ्रो से पीछे था, जिन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ग्रीस के कोंस्टेंटिनोस ज़ोनिस ने 39.97 मीटर की दूरी के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

यह योगेश का लगातार तीसरा रजत पदक हैं, उन्होंने इसे 2023 और 2024 में फ्रांस और जापान में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी जीता था। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक कुल छह पदक जीते हैं, जिनमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल है।

# सुमित और संदीप ने दिलाया भारत को दो स्वर्ण, पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली, (हि.स.)**
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार की शाम भारत के लिए ऐतिहासिक रही। सुमित अंतिल ने पुरुषों की भाला फेंक F64 और संदीप सिंह सरगर ने F44 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का परचम बुलंद किया।टोक्यो पैरालंपिक और दो बार के विश्व चैंपियन सुमित अंतिल ने इस बार भी कमाल दिखाया।



शुरुआती चार प्रयासों में लगातार 65 मीटर से अधिक दूरी पर भाला फेंकने के बाद उन्होंने पाँचवें प्रयास में 71.37 मीटर का नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पक्का किया। यह उनकी लगातार तीसरी विश्व चैंपियनशिप जीत है।दूसरी ओर, संदीप सिंह सरगर ने रोमांचक मुकाबले में 62.82 मीटर का थ्रो कर भारत को दूसरा स्वर्ण दिलाया। संदीप ने पिछले वर्ष इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इस बार उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से भारत को 1-2 की बढ़त दिलाई।दिन की प्रतियोगिताओं में ब्राजील के एडेनिलसन रॉबर्टो ने 62.36 मीटर का थ्रो कर F42 वर्ग का विश्व रिकॉर्ड बनाया और कांस्य पदक जीता। वहीं ग्रीस और पोलैंड के एथलीटों ने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में नए विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए।ब्राज़ील 7 स्वर्ण, 14 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। पोलैंड (6-1-5) दूसरे और चीन (5-7-4) तीसरे स्थान पर हैं। भारत ने सुमित और संदीप की उपलब्धियों से कुल 4 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य के साथ चौथे स्थान पर मजबूती से कदम जमाए हैं।

# दिग्गज ओलंपियन कार्ल लुईस बने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 में खेल जगत के दिग्गज और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर होंगे। वह 12 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से इस प्रतिष्ठित दौड़ का उद्घाटन करेंगे।।

**दौड़ और सामाजिक संदेश**
कार्ल लुईस ने कहा, "दौड़ केवल गति नहीं, बल्कि जीवन बदलने और समुदाय बनाने की शक्ति है।" वहीं वेदांता लिमिटेड की प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने बताया कि #RunForZeroHunger अभियान के जरिए हर किलोमीटर भारत को एक मजबूत और स्वस्थ भविष्य की ओर ले जाता है। प्रोकेम इंटरनेशनल के विवेक सिंह ने कहा कि कार्ल की भागीदारी भारत के हर धावक के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत होगी।



**स्वर्णिम करियर और प्रेरणा का स्रोत ;** 'कार्ल लुईस का एथलेटिक्स करियर आज भी दुनिया के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को प्रेरित करता है। उन्होंने चार ओलंपिक में हिस्सा लेकर कुल नौ स्वर्ण पदक जीते। 1984 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, लंबी कूद और 4×100 मीटर रिले में जीतकर उन्होंने जेस्सी ओवेन्स के ऐतिहासिक कारनामे की पुनरावृत्ति की। इसके अलावा सियोल, बार्सिलोना और अटलांटा ओलंपिक में भी उन्होंने स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखा

### ऐश्वर्या पिस्से ने रचा इतिहास, डबल्यू2आरसी पुर्तगाल में जीत दर्ज करने वाली एशिया और भारत की पहली महिला बनीं

**पुर्तगाल**, (हि.स.)।
बेंगलुरु की ऐश्वर्या पिस्से ने इतिहास रचते हुए एशिया और भारत की पहली महिला बनने का गौरव हासिल किया है, जिन्होंने बीपी अल्टिमेट रैली-रेड पुर्तगाल 2025 (एफआईएम वर्ल्ड रैली-रेड चैंपियनशिप – डबल्यू2आरसी) के चौथे राउंड में अपनी श्रेणी में जीत दर्ज की।रैली2 – विमेंस कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करते हुए ऐश्वर्या ने न केवल अपनी श्रेणी में बाजी मारी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दिग्गज राइडर्स से भरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल 27वां स्थान भी हासिल किया।


दुनिया की सबसे कठिन रैली-रेड श्रृंखला में निजी प्रतिभागी (प्राइवेटियर) के तौर पर उतरकर जीत दर्ज करना भारतीय और एशियाई मोटरस्पोर्ट्स के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। टीवीएस रेसिंग और अपने सहयोगी साझेदारों के मजबूत समर्थन के साथ ऐश्वर्या ने धैर्य, आत्मनिर्भरता और उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर वैश्विक मंच पर पहचान बनाई है। अपनी ऐतिहासिक जीत पर ऐश्वर्या ने कहा, "यह जीत मेरे लिए बेहद खास है। एशिया और भारत की पहली महिला के रूप में इस स्तर पर जीतना सिर्फ मेरा निजी माइलस्टोन नहीं है, बल्कि हर उस लड़की के लिए संदेश है जो सपनों की उड़ान भरना चाहती है। मैं टीवीएस रेसिंग और अपने सभी सहयोगियों की आभारी हूं, जिनकी बदौलत यह पल संभव हो पाया।"

# खेल मंत्रालय ने वर्ष 2025 के खेल पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित खेल पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, कोचों तथा संस्थाओं को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं।

**पुरस्कारों का विवरण:**
मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार – खेल क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ एवं असाधारण प्रदर्शन हेतु।
अर्जुन पुरस्कार – निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु।
अर्जुन पुरस्कार (आजीवन योगदान) – खेल विकास में आजीवन योगदान हेतु।
द्रोणाचार्य पुरस्कार – अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ी तैयार करने वाले कोचों हेतु।
राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार (आरकेपीपी) – कॉर्पोरेट संस्थानों एवं गैर-सरकारी संगठनों द्वारा खेलों के विकास और प्रोत्साहन हेतु।






पात्र आवेदक केवल ऑनलाइन पोर्टल www.dbtyas-sports.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश मंत्रालय की वेबसाइट www.yas.nic.in पर उपलब्ध हैं।
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर 2025, रात्रि 11:59 बजे तक निर्धारित की गई है।

# आर्चरी प्रीमियर लीग मेरे ओलंपिक सपनों की राह का पुल साबित हो सकती है– दीपिका कुमारी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
भारत की स्टार तीरंदाज और पूर्व विश्व नंबर-1 दीपिका कुमारी ने आने वाली आर्चरी प्रीमियर लीग (एपीएल) को भारतीय तीरंदाजी के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह लीग उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका देगी और लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 की तैयारी में अहम साबित होगी।




दीपिका, जो संभवतः अपना पाँचवाँ और अंतिम ओलंपिक 2028 में खेलेंगी, ने कहा कि एपीएल ओलंपिक जैसा दबाव और माहौल प्रदान करेगी। उन्होंने ब्रैडी एलिसन जैसे दिग्गजों के साथ खेलने को अपार अनुभव बताया। दीपिका ने ज़ोर दिया कि यह लीग न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि जमीनी प्रतिभाओं के लिए भी क्रांतिकारी होगी। उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियों के निवेश से तीरंदाजी महंगे खेल की बाधाएँ टूटेंगी और युवाओं को मंच मिलेगा। एपीएल 2 से 12 अक्टूबर तक दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम के प्राइमटाइम स्लॉट में आयोजित होगी।